राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 15 अंकः 86 पृष्ठः 08

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com

हिमाचल संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को गीडा में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) के गोरखपुर सेंटर के लोकार्पण समारोह को संबोधित किया।

## देश के पास 60 दिन का तेल और गैस का पर्याप्त भंडार, अफवाहों पर न करें भरोसा: केंद्र सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को साफ तौर पर कहा कि देश में पेट्रोलियम और एलपीजी (एलपीजी) की आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित और नियंत्रण में है। सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे 'भ्रामक और दुष्प्रचार' पर ध्यान न दें, जिसका उद्देश्य बेवजह घबराहट पैदा करना है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, भारत के पास कुल मिलाकर 74 दिनों की भंडारण क्षमता है, जिसमें से वर्तमान में लगभग 60 दिनों का स्टॉक उपलब्ध है। इसमें कच्चा तेल, पेट्रोलियम उत्पाद और भूमिगत रणनीतिक भंडारण (कवर्न) शामिल हैं। मंत्रालय ने बताया कि मध्य पूर्व संकट के 27वें दिन भी देश में कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है। सरकार ने कहा, हर भारतीय के लिए लगभग दो महीने की निरंतर आपूर्ति उपलब्ध है, चाहे वैश्विक परिस्थितियां कैसी भी हों। साथ ही अगले दो महीनों के लिए कच्चे तेल की खरीद भी पहले ही सुनिश्चित कर ली गई है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि कुछ देशों में जहां ईंधन की कीमतों में भारी वृद्धि, राशनिंग, ऑड-ईवन नियम और पेट्रोल पंप बंद होने जैसी स्थिति है,




वहीं भारत में ऐसी किसी भी आपातकालीन उपाय की जरूरत नहीं है। सरकार की ओर से कहा गया है कि कुछ जगहों पर घबराहट में ईंधन खरीदने की घटनाएं सामने आईं, लेकिन सरकार ने इसे सोशल मीडिया पर फैलाए गए भ्रामक वीडियो का परिणाम बताया। इसके बावजूद सभी उपभोक्ताओं को ईंधन उपलब्ध कराया गया और तेल कंपनियों ने रातभर डिपो चलाकर सप्लाई बढ़ाई।

सरकार ने पेट्रोल पंप मालिकों को राहत देते हुए क्रेडिट सीमा 1 दिन से बढ़ाकर 3 दिन कर दी है, ताकि कार्यशील पूंजी की कमी के कारण किसी भी पंप पर ईंधन की कमी न हो।

मंत्रालय ने बताया कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज की मौजूदा स्थिति के बावजूद भारत को अपने 41 से अधिक वैश्विक आपूर्तिकर्ताओं से पहले की तुलना में अधिक कच्चा तेल मिल रहा है। रिफाइनरियां 100% से अधिक क्षमता पर चल रही हैं और अगले 60 दिनों के लिए कच्चे तेल की आपूर्ति पहले से तय है।

**राहत**

74 दिनों की भंडारण क्षमता है, जिसमें से वर्तमान में लगभग 60 दिनों का स्टॉक उपलब्ध है

## प्रधानमंत्री मोदी ईरान जंग पर आज मुख्यमंत्रियों से करेंगे बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्रियों से बात करेंगे, इसमें ईरान जंग के बाद बिगड़े हालात पर चर्चा संभव है, चुनावी राज्यों के सीएम इसमें शामिल नहीं होंगे

**तैयारियों पर जोर**

आने वाला समय कोरोनाकाल जैसी परीक्षा वाला होगा। केंद्र और राज्य को मिलकर काम करना होगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दीपचन्द्र काण्डपाल**

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्रियों से बात करेंगे। इसमें ईरान जंग के बाद बिगड़े हालात पर चर्चा संभव है। चुनावी राज्यों के सीएम इसमें शामिल नहीं होंगे। मोदी ने 24 मार्च को राज्यसभा में कहा था कि ईरान जंग जारी रही तो इसके गंभीर नतीजे होंगे। आने वाला समय कोरोनाकाल जैसी परीक्षा वाला होगा। केंद्र और राज्य को मिलकर काम करना होगा। वहीं, सरकार ने देश में पेट्रोल, डीजल और गैस की कमी की खबरों को खारिज कर दिया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि दुनिया में कुछ भी हो जाए, भारत के पास 60 दिन का पेट्रोल, डीजल है। सरकार ने सोशल मीडिया पर चल रही किल्लत की खबरों को प्रोपेगैंडा बताया है, जिसका मकसद बाजार में 'पैनिक बाइंग' शुरू कराना है। मंत्रालय ने कहा कि शॉर्टेज की अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।



### नायरा ने पेट्रोल 5 और डीजल महंगा किया

नई दिल्लीः ईरान जंग के बीच नायरा एनर्जी का पेट्रोल 5 प्रति लीटर और डीजल में 3 महंगा हो गया है। अब भोपाल में पेट्रोल की कीमत 111.72 रुपए और डीजल 94.88 रुपए पर पहुंच गया है। नायरा एनर्जी की ओर से की गई यह बढ़ोतरी अलग-अलग राज्यों में वहां के लोकल टैक्स और वैट के हिसाब से अलग-अलग हो सकती है। कुछ राज्यों में पेट्रोल की कीमतों में 5.30 प्रति लीटर तक का इजाफा देखा गया है। नायरा के देशभर में करीब 7 हजार पेट्रोल पंप है।

**सरकारी तेल कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ाए**

हालांकि, सरकारी तेल कंपनियां ने दाम नहीं बढ़ाए हैं। केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि हमारे पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। देश में किसी भी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल की कमी नहीं है। इसलिए कीमतों में बढ़ोतरी नहीं होगी। पेट्रोल-डीजल के दाम सरकारी कंपनियों ने न बढ़ाए हों, लेकिन पिछले हफ्ते प्रीमियम पेट्रोल के दाम 2 रुपए प्रति लीटर बढ़े थे।

**25 मार्च सर्वदलीय बैठक में जयशंकर बोले-हम पाकिस्तान की तरह दलाल देश नहीं**

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में मिडिल ईस्ट के हालात पर 2 घंटे बैठक चली। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में मिडिल ईस्ट के हालात पर 2 घंटे बैठक चली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को सर्वदलीय बैठक में कहा कि भारत पाकिस्तान जैसा दलाल देश नहीं है और हम किसी के लिए भी मध्यस्थता नहीं करते। उन्होंने यह जवाब कांग्रेस नेता तारिक अनवर के बयान पर दिया। बैठक में तारिक अनवर ने कहा था कि पाकिस्तान मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है, भारत मूकदर्शक बना हुआ है। पीएम नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया के हालात पर मंगलवार को राज्यसभा में कहा था कि अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग जारी रही तो इसके दुष्परिणाम होंगे। आने वाला समय देश की सबसे बड़ी परीक्षा लेने वाला है। इसमें राज्यों का सहयोग जरूरी है। टीम इंडिया की तरह काम करना होगा।

पश्चिम एशिया में जंग के हालातों पर पीएम मोदी ने लोकसभा में पहली बार सार्वजनिक बयान दिया। लोकसभा में 25 मिनट की स्पीच में उन्होंने कहा था कि तनाव खत्म होना चाहिए। बातचीत से ही समस्या का समाधान है। पीएम ने कहा कि नागरिकों और पावर प्लांट पर हमले मंजूर नहीं हैं। होमुर्ज का रास्ता रोकना स्वीकार नहीं होगा। वहीं घरेलू सिलेंडर की बुकिंग के लिए 21 दिन का लॉक-इन पीरियड शुरू किया गया (यानी एक सिलेंडर मिलने के 21 दिन बाद ही दूसरा बुक होगा)। डिमांड बढ़ने पर शहरों में लॉक-इन पीरियड बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया। ग्रामीण इलाकों के लिए सिलेंडर बुकिंग का गैप बढ़ाकर 45 दिन किया गया। पेट्रोलियम मंत्रालय ने पाइप गैस यूजर्स के लिए सिलेंडर रखना गैर-कानूनी घोषित किया।

## रेल मंत्री ने कवच प्रणाली की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारतीय रेलवे की स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच की समीक्षा की। बैठक में कवच के तेजी से विस्तार और उन्नत तकनीकों के उपयोग के जरिए रेल संचालन को अधिक सुरक्षित और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। कवच के तहत सुरक्षा नामक एआई आधारित केंद्रीकृत मॉनिटरिंग प्लेटफॉर्म भी विकसित किया जा रहा है, जो रियल-टाइम निगरानी और प्रेडिक्टिव मेंटेनेंस में मदद करेगा। यह प्लेटफॉर्म असामान्य घटनाओं की जानकारी ट्रैफिक मॉनिटर्स को तुरंत देगा, जिससे समय पर कार्रवाई कर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब, लुधियाना के गुरुद्वारा श्री नानकसर साहिब में आयोजित समागम के दौरान मत्था टेका।

ओडिशा की अंजलि मुंडा ने महिलाओं की 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में एक और स्वर्ण पदक जीता

## कर्नाटक के तैराक मणिकांता ने स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की

**ट्राइबल गेम्स**

छत्तीसगढ़ की अनुष्का भगत ने जीता दूसरा पदक, मोनिखा और इसाक ने चोट के बावजूद वेटलिफ्टिंग में जीते स्वर्ण



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** कर्नाटक के तैराक मणिकांता एल ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 200 मीटर इंडिविजुअल मेडल में अपना तीसरा लगातार स्वर्ण पदक जीतकर स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की। वहीं ओडिशा की अंजलि मुंडा ने महिलाओं की स्पर्धा में अपना दूसरा स्वर्ण पदक हासिल किया। यह उपलब्धियां उन्होंने गुरुवार को यहां खेले जा रहे खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के दूसरे दिन हासिल कीं। मेजबान छत्तीसगढ़ के लिए भी खुशी की बात रही, जहां स्थानीय तैराक अनुष्का भगत ने महिलाओं की 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में दूसरा स्थान हासिल कर अपना दूसरा रजत पदक जीता।

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के इस पहले संस्करण में 30 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें लगभग 3800 खिलाड़ी नौ खेलों में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। तीरंदाजी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, तैराकी, वेटलिफ्टिंग और कुश्ती में कुल 106 स्वर्ण पदक दांव पर हैं, जबकि मल्लखंब और कबड्डी को प्रदर्शन खेल के रूप में शामिल किया गया है। मणिकांता, जिन्होंने बुधवार को 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक और 50 मीटर बटरफ्लाई में स्वर्ण पदक जीते थे, ने अपना दबदबा जारी रखते हुए 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले 2:25.93 सेकंड में जीत लिया। त्रिपुरा के रियाज त्रिपुरा (2:34.04 सेकंड) ने रजत और ओडिशा के कान्हू सोरेन (2:36.21 सेकंड) ने कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में अंजलि मुंडा ने 2:53.82 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया।


## यूपी गैंगस्टर एक्ट पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्लीः** उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा कदम उठाया है। अदालत ने इस कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को एक साथ जोड़ने का आदेश दिया है। अब इन सभी मामलों की सुनवाई तीन जजों की विशेष बेंच करेगी। यह फैसला ऐसे समय आया है जब देशभर में संगठित अपराध पर सख्त कानूनों को लेकर बहस जारी है। सुप्रीम कोर्ट की बेंच, जिसकी अध्यक्षता मुख्य न्यायाधीश कर रहे थे, ने कहा कि अलग-अलग अदालतों में चल रही याचिकाओं को एक साथ सुनना जरूरी है ताकि एक समान और स्पष्ट फैसला दिया जा सके। कोर्ट ने केंद्र सरकार को भी इस मामले में पक्षकार बनाया है। यह कानून 1986 में बनाया गया था, जिसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश में संगठित अपराध, डकैती और असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाना है।

## ईरान युद्ध से कोविड जैसे हालात का खतरा: पुतिन

**टीम एक्शन इंडिया**

**तेल अवीव/तेहरानः** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरान युद्ध को लेकर चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि इस युद्ध से कोविड महामारी जैसे हालात हो सकते हैं। मॉस्को में बिजनेस लीडर्स से बातचीत में पुतिन ने कहा कि मिडिल ईस्ट में जारी जंग के नतीजों का सटीक अनुमान लगाना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि जो देश इस युद्ध में शामिल हैं, उन्हें भी इसके असर का अंदाजा नहीं है। उन्होंने बताया कि इस संघर्ष का असर अंतरराष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स, उत्पादन और सप्लाई चेन पर पड़ रहा है। साथ ही तेल-गैस, धातु और उर्वरक सेक्टर की कंपनियों पर दबाव बढ़ रहा है।



## हरियाणा: रबी 2026-27 के लिए भंडारण तैयारियां तेज

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई हाई पावर्ड परचेज कमेटी की बैठक में रबी 2026-2027 सीजन के लिए भंडारण व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में 550 करोड़ रुपये से जूट व अन्य बैगों की खरीद के दो एजेंडे थे, नेगोसिएशन करके 80 करोड़ रुपये बचाए गए। गेहूं के सुरक्षित भंडारण को सुनिश्चित करने के लिए जूट बैगों तथा अन्य बैगों की खरीद को मंजूरी प्रदान की गई। इस निर्णय से राज्य में अनाज भंडारण की क्षमता को और अधिक मजबूत किया जा सकेगा तथा किसानों से खरीदे गए गेहूं के सुरक्षित रख-रखाव में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। यह खरीद प्रक्रिया खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, हैफेड तथा हरियाणा राज्य भंडारण निगम की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, समयबद्ध और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए, ताकि सरकारी संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों की रक्षा और कृषि उत्पादों के सुरक्षित भंडारण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रबी सीजन की तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं, ताकि मंडियों में आने वाली फसल के प्रबंधन में किसी प्रकार की दिक्कत न हो।



**पावर्ड परचेज**

जूट व अन्य बैगों की खरीद को मंजूरी, मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई हाई पावर्ड परचेज कमेटी की बैठक

## असली दौलत गुरु के चरणों में और 'नाम' की कमाई में है : सीएम नायब सिंह सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि असली दौलत गुरु के चरणों में और 'नाम' की कमाई में है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में शांति गुरु के सानिध्य में ही मिलती है। मुख्यमंत्री वीरवार को पंजाब, लुधियाना के गुरुद्वारा श्री नानकसर साहिब में आयोजित समागम के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर बाबा घाला सिंह जी, अनेक संत-महापुरुषगण और देश-विदेश से पधारी साध संगत उपस्थित थी। नायब सिंह सैनी ने समागम में उपस्थित संगत को दुर्गाष्टमी और रामनवमी की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्री नानकसर साहिब वही पावन स्थान है, जिसकी नींव बाबा नंद सिंह जी महाराज ने अपने कठोर तप से रखी थी। उन्होंने भक्ति की उस जोत को जलाया, जिसकी लौ आज करोड़ों दिलों को रोशन कर रही है। उनके पदचिह्नों पर चलते हुए बाबा ईशर सिंह जी महाराज ने यहां सात वर्षों तक एकांतवास में सिमरन किया। उन्होंने कहा कि यह उन्हीं महापुरुषों की कमाई का फल है कि आज यहां कदम रखते ही मन को असीम शांति मिलती है। मुख्यमंत्री ने बाबा ईशर सिंह जी के प्रकाश उत्सव की भी बधाई दी और सबको मिल-जुलकर नफरत को मिटाने और प्रेम, सेवा व सिमरन के मार्ग पर चलने की गुरु चरणों में अरदास की। उन्होंने बाबा नारायण सिंह जी के चरणों में भी अपनी श्रद्धा अर्पित की और कहा कि उनका जीवन हमें सिखाता है कि 'सेवा' और 'आदेश' का पालन क्या होता है।

**समारोह** — *प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से समर्थक, कांग्रेस नेता और आम लोग मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं देने पहुंचे*

## सीएम सुक्खू के 62वें जन्मदिन पर जुटे समर्थक, केक काटा, नाटी डालकर मनाया जश्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंकज शर्मा**

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गुरुवार को अपना 62वां जन्मदिन मनाया और इसके साथ ही वे जीवन के 63वें वर्ष में प्रवेश कर गए। इस मौके पर राजधानी शिमला स्थित उनके सरकारी आवास ओकओवर में सुबह से ही बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से समर्थक, कांग्रेस नेता और आम लोग मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं देने पहुंचे। कैबिनेट मंत्रियों और कांग्रेस विधायकों ने भी ओक ओवर पहुंचकर मुख्यमंत्री को जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अपनी पत्नी और देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर की मौजूदगी में केक काटा। जन्मदिन के अवसर पर मुख्यमंत्री और उनके समर्थकों ने पारंपरिक हिमाचली नृत्य 'नाटी' भी किया, जिससे माहौल उत्सव जैसा बन गया। जन्मदिन के मौके पर मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया। उन्होंने सचिवालय कर्मचारियों की ओर से आयोजित मैराथन में भाग लेकर लोगों को नियमित व्यायाम और फिट रहने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम उनके जन्मदिन समारोह का खास हिस्सा रहा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि उनकी राजनीतिक यात्रा संघर्षों से भरी रही है और उन्हें चुनौतियों से लड़ना हमेशा अच्छा लगता है। उन्होंने भरोसा जताया कि राज्य सरकार के हालिया बजट से हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मजबूती मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले चार महीनों में प्रदेश की आर्थिक स्थिति में और सुधार देखने को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने बजट में समाज के सभी वर्गों महिलाओं, युवाओं, किसानों और कर्मचारियों का ध्यान रखने की कोशिश की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रदेश विकास की नई दिशा में आगे बढ़ेगा और आर्थिक रूप से मजबूत बनेगा।



**जश्न**

शिमला स्थित उनके सरकारी आवास ओकओवर में सुबह से ही बधाई देने वालों का तांता लगा रहा

## चुनावी राज्यों में 400 करोड़ से अधिक की जब्ती

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने आगामी विधानसभा चुनावों और उपचुनावों के मद्देनजर सख्त निगरानी के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 400 करोड़ रुपये से अधिक के अवैध प्रलोभनों की जब्ती की है। आयोग ने बताया कि 26 फरवरी से 25 मार्च के बीच कुल 408.82 करोड़ रुपये की नकदी, शराब, ड्रग्स, कीमती धातुओं और अन्य मुफ्त वस्तुओं को जब्त किया गया है। चुनाव आयोग ने 15 मार्च को असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों तथा 6 राज्यों में उपचुनावों का कार्यक्रम घोषित किया था। इसके साथ ही राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।





# सीएम साय से जनजातीय कल्याण और खेल विकास को लेकर हुई सार्थक चर्चा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तावड़कर से जनजातीय कल्याण और खेलों के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, छत्तीसगढ़ सरकार खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर प्रयासरत है और राज्य में आधुनिक खेल अधोसंरचना विकसित कर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया जा रहा

**चर्चा**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से गोवा के खेल एवं जनजातीय कल्याण मंत्री रमेश तावड़कर की सौजन्य भेंट



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में गोवा के खेल एवं युवा मामले तथा जनजातीय कल्याण मंत्री रमेश तावड़कर ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए तावड़कर का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें बस्तर आर्ट का प्रतीक चिन्ह एवं जशपुर के स्थानीय उत्पाद भेंट किए। मुख्यमंत्री साय ने तावड़कर से जनजातीय कल्याण और खेलों के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर प्रयासरत है और राज्य में आधुनिक खेल अधोसंरचना विकसित कर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि देश के प्रथम ह्यखेलो इंडिया ट्राइबल गेम्सह्न का आयोजन छत्तीसगढ़ में होना राज्य के लिए गौरव का विषय है। यह आयोजन न केवल जनजातीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान करेगा, बल्कि उनकी सांस्कृतिक पहचान और आत्मविश्वास को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। उल्लेखनीय है कि रमेश तावड़कर के नेतृत्व में गोवा सरकार का प्रतिनिधिमंडल खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में सहभागिता हेतु छत्तीसगढ़ प्रवास पर है। यह प्रतिनिधिमंडल खेल आयोजन में भागीदारी के साथ-साथ छत्तीसगढ़ मुक्तांगन, आदिवासी संग्रहालय सहित राज्य की समृद्ध जनजातीय संस्कृति और विरासत से जुड़े विभिन्न स्थलों का अवलोकन भी करेगा।

## मीराबाई चानू 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक नागोया (जापान) में आयोजित एशियन गेम्स में 49 किलोग्राम वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी



## एशियन गेम्स का पदक जीतना मेरा अधूरा सपनाः मीराबाई चानू



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता सेखोम मीराबाई चानू ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के उद्घाटन अवसर पर अपने करियर के सबसे बड़े अधूरे लक्ष्य, एशियन गेम्स पदक का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह सपना अब भी उनके लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। पिछले एक दशक से भारतीय वेटलिफ्टिंग की अग्रणी खिलाड़ी रही मीराबाई ने ओलंपिक, विश्व चैंपियनशिप और कॉमनवेल्थ गेम्स में कई पदक जीते हैं, लेकिन एशियाई खेलों में पदक अब तक उनसे दूर रहा है। उन्होंने 2014 इंचियोन एशियन गेम्स में 19 वर्ष की उम्र में पदार्पण किया था, जहां वे नौवें स्थान पर रहीं। इसके बाद 2018 जकार्ता एशियन गेम्स में पीठ की चोट के कारण हिस्सा नहीं ले सकीं, जबकि 2022 हांगझोउ एशियन गेम्स में हिप की चोट ने उनका सपना अधूरा छोड़ दिया। 31 वर्षीय मीराबाई ने कहा कि एशियन गेम्स मेरे लिए बेहद खास है। वहां प्रतियोगिता का स्तर बहुत ऊंचा होता है, और यही इसे सबसे चुनौतीपूर्ण बनाता है। मेरा सपना है कि मैं वहां पदक जीतूं। हालांकि, इस लक्ष्य की राह आसान नहीं है। नियमों में बदलाव के कारण उन्हें 48 किलोग्राम और 49 किलोग्राम वर्ग के बीच संतुलन बनाना होगा।

मीराबाई चानू 23 जुलाई से 2 अगस्त तक ग्लासगो में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स में 48 किलोग्राम वर्ग में उतरेंगी, जबकि 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक नागोया (जापान) में आयोजित एशियन गेम्स में 49 किलोग्राम वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी। उन्होंने बताया कि कॉमनवेल्थ गेम्स तक मैं 48 किलोग्राम में खेलूंगी, लेकिन एशियन गेम्स के लिए फिर से 49 किलोग्राम वर्ग में आना होगा, जो एक बड़ी चुनौती है। मीराबाई ने हाल ही में वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 48 किलोग्राम वर्ग में तीन नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए। उन्होंने स्नैच में 89 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 116 किलोग्राम वजन उठाते हुए कुल 205 किलोग्राम के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया।

## संयोग से शुरूआत, ऐतिहासिक स्वर्ण तकः ओडिशा की अंजलि मुंडा ने रचा इतिहास



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** कभी-कभी जीवन की दिशा एक छोटे से निर्णय से बदल जाती है। ओडिशा की 15 वर्षीय अंजलि मुंडा की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। वर्ष 2022 में कक्षा में खेल चयन के दौरान उन्होंने तैराकी को चुना—एक ऐसा खेल जिसे वे उस समय सिर्फ मनोरंजन के रूप में जानती थीं। आज, वही निर्णय उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर ऐतिहासिक उपलब्धि तक ले आया है। ओडिशा के जाजपुर जिले के गहिरागड़िया गांव की रहने वाली अंजलि ने रायपुर में आयोजित पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में 2:39.02 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही वे इस प्रतियोगिता की पहली महिला स्वर्ण पदक विजेता बन गईं। साधारण पृष्ठभूमि से आने वाली अंजलि चार भाई-बहनों में सबसे छोटी हैं। उनके पिता एक स्थानीय फैक्ट्री में वैन चालक हैं। 10 वर्ष की आयु में वे कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज से जुड़ीं, जहां उन्हें निःशुल्क शिक्षा और प्रशिक्षण मिला। यहीं से उनके खेल करियर की नींव मजबूत हुई। शुरूआत में वे अपनी बड़ी बहन से प्रेरित थीं, जो तीरंदाजी में सक्रिय हैं, लेकिन अंजलि ने तैराकी को अपना मार्ग चुना। उनकी मेहनत जल्द ही रंग लाई और तैराकी शुरू करने के एक वर्ष के भीतर ही उन्होंने एक स्थानीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

## साइबर अलर्टः एनएएस डिवाइस पर मंडराया रैनसमवेयर का खतरा

**चेतावनी जारी**

साइबर अपराधियों ने अब नेटवर्क अटैच्ड स्टोरेज डिवाइस को अपना नया निशाना बना लिया है



**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** राजस्थान में डिजिटल डेटा सुरक्षा को लेकर गंभीर चेतावनी जारी की गई है। इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर के अवलोकनों के आधार पर सामने आया है कि साइबर अपराधियों ने अब नेटवर्क अटैच्ड स्टोरेज डिवाइस को अपना नया निशाना बना लिया है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर जारी इस एडवाइजरी में संस्थानों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। उपमहानिरीक्षक (साइबर क्राइम) शांतनु कुमार सिंह के अनुसार, साइबर हमलावर बेहद सुनियोजित तरीके से इंटरनेट पर असुरक्षित या खुले एनएएस सिस्टम की पहचान करते हैं। कमजोर पासवर्ड और पुराने सॉफ्टवेयर का फायदा उठाकर वे सिस्टम में घुसपैठ करते हैं और महत्वपूर्ण डेटा को या तो कॉपी कर लेते हैं या एन्क्रिप्ट कर लॉक कर देते हैं। इसके बाद संस्थानों से भारी फिरौती की मांग की जाती है।

## बजाज फिनसर्व धुनिवर्स, 31 मार्च को शंकर-एहसान-लॉय के साथ, 'वॉइस ऑफ नेशन का करेगा अनावरण

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** बजाज फिनसर्व ने आज अपने डिजिटल-फर्स्ट म्यूजिक टैलेंट प्लेटफॉर्म बजाज धुनिवर्स के भव्य समापन की घोषणा की, जिसका फिनाले 31 मार्च को मुंबई में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में दिग्गज संगीतकार शंकर-एहसान-लॉय की उपस्थिति में वॉइस ऑफ द नेशन का खिताब दिया जाएगा। पिछले छह महीनों में, बजाज धुनिवर्स म्यूजिक डिस्कवरी के लिए एक विश्वसनीय, टेक्नोलॉजी-आधारित माध्यम के रूप में उभरा है, जिसने 60,000 से अधिक प्रतिभागियों, मेट्रो शहरों से लेकर दूरस्थ क्षेत्रों तक के प्रतिभागियों को ऑडियो और वीडियो सबमिशन के माध्यम से ऑडिशन देने और शंकर-एहसान-लॉय द्वारा खोजे जाने का अवसर

**खिताब**

ग्रैंड फिनाले में दस फाइनलिस्ट और एक वाइल्ड-कार्ड प्रतिभागी द्वारा लाइव प्रस्तुतियां दी जाएंगी

प्रदान किया। ग्रैंड फिनाले में दस फाइनलिस्ट और एक वाइल्ड-कार्ड प्रतिभागी द्वारा लाइव प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिन्हें शंकर-एहसान-लॉय द्वारा शॉर्टलिस्ट किया गया है। विजेता को शंकर-एहसान-लॉय के साथ मिलकर बजाज की सॉनिक आइडेंटिटी का सह-निर्माण करने और जी म्यूजिक कंपनी के साथ एक स्वतंत्र एल्बम बनाने का अवसर दिया जाएगा।

## पी एन्ड जी शिक्षा के साथ इरेस द लर्निंग गैप की यात्रा को सशक्त बनाता नया गीत

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** पी एन्ड जी ने पूरे भारत में 1 करोड़ बच्चों तक पहुँचने और उन पर सकारात्मक प्रभाव डालने की अपनी हालिया उपलब्धि को आगे बढ़ाते हुए, पी एन्ड जी शिक्षा ने आज अपने निरंतर मिशन इरेस द लर्निंग गैप के तहत अपना गीत अब सब जाएंगे स्कूल पी एन्ड जी शिक्षा के साथ लॉन्च किया। जिओ हॉट स्टार के साथ साझेदारी में तैयार किया गया यह गीत सीखने में आने वाली कमियों की भावनात्मक वास्तविकता को दशार्ता है। पी एन्ड जी शिक्षा लंबे समय से सीखने के अंतराल के प्रति जागरूकता बढ़ाने के मिशन पर काम कर रहा है,यह अंतर बच्चे के वर्तमान सीखने के स्तर और अपेक्षित स्तर के बीच होता है। इसके साथ ही जमीनी

**पहल**

दोनों स्तरों पर काम कर रहे हैं, बच्चे स्कूल में बने न रहें, बल्कि समझ और आत्मविश्वास के साथ वास्तविक रूप से सीख सकें

स्तर पर चलाए जा रहे कई कार्यक्रम इरेस द लर्निंग गैप के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।पी एन्ड जी शिक्षा ने 21 वर्षों में 1 करोड़ से अधिक बच्चों को सकारात्मक रुप से प्रभावित करने का जश्न मनाया है पी एन्ड जी शिक्षा के ब्रांड ऑपरेशंस के सीनियर डायरेक्टर रजत ब्रार ने कहा,ने कहा, एसर जैसी स्टडी एक कठोर सच्चाई को दिखाती हैं-भारत में लाखों बच्चे स्कूल तो जा रहे हैं, लेकिन सभी अपनी कक्षा के स्तर के अनुसार नहीं सीख पा रहे हैं, जिससे सीखने का अंतर आज हमारे युवा शिक्षार्थियों के सामने सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक बन गया है।अब सब जाएंगे स्कूल विद पी एन्ड जी शिक्षा एक करोड़ बच्चों पर सकारात्मक प्रभाव डालने की हमारी उपलब्धि को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

पी एन्ड जी शिक्षा के माध्यम से हम रोकथाम और सुधार-दोनों स्तरों पर काम कर रहे हैं, ताकि बच्चे केवल स्कूल में बने न रहें, बल्कि समझ और आत्मविश्वास के साथ वास्तविक रूप से सीख सकें।

## स्नो टेल्स 2026 में इंसानों और कुत्तों का अनोखा संगम

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** हिमाचल प्रदेश में पशु कल्याण के समर्थन में देश का सबसे बड़ा स्नो शो मनाली स्ट्रेज ने स्नो मैराथन लीग के सहयोग को हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के सेथन में चौथे वार्षिक स्नो टेल्स कार्यक्रम का सफल आयोजन किया।

इस आयोजन में कुत्तों और उनके मानव साथियों ने भाग लेकर करुणा, समुदाय और पशु कल्याण का एक सुंदर संदेश दिया।इस वर्ष 24 कुत्तों और उनके मानव साथियों ने डॉग-ह्यूमन स्नो रेस में भाग लिया। हम्पटा वैली के किनारे बसे सेथन के बर्फ से ढके मनमोहक दृश्य इस आयोजन के दौरान जीवंत हो उठे, जहां उत्साहित कुत्तों की भौंक और प्रतिभागियों के जोश से पूरा माहौल गूंज उठा। इस अनोखी रेस में भाग लेने के लिए देशभर से प्रतिभागी पहुंचे, जिनमें कुछ लोग मुंबई से भी आए।स्नोटेल्स अब एक लोकप्रिय वार्षिक आयोजन बन चुका है और यह कुल्लू तथा लाहौल-स्पीति जिलों में मनाली स्ट्रेज के कार्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण मंच है। यह पारिवारिक और सकारात्मक आयोजन इंसानों और जानवरों के बीच के संबंध का जश्न मनाते हुए बेहतर पशु चिकित्सा सुविधाओं, रोग रोकथाम, और मानवीय तरीके से जनसंख्या नियंत्रण की आवश्यकता पर जोर देता है।

## दुनिया में नाजुक स्थिति, सरकार की तैयारी कमजोरः गहलोत

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और मंत्रियों को सलाह देते हुए कहा कि वे अपने बेटों को सरकार से दूर रखें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद से मंत्रियों के परिजनों का सरकारी कामकाज में दखल बढ़ा है, जो भविष्य में सरकार की बदनामी का कारण बन सकता है। उन्होंने नेताओं से कहा कि बेटों को नजदीक रखोगे तो वे बिगड़ जाएंगे, उन्हें दूर रखकर अच्छे संस्कार देना जरूरी है। गहलोत गुरुवार को जयपुर एयरपोर्ट पर

**साधा निशाना**

भाजपा सरकार बनने के बाद से मंत्रियों के परिजनों का सरकारी कामकाज में दखल बढ़ाः पूर्व सीएम

मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर गहलोत ने राज्य सरकार, केंद्र सरकार और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर एक साथ तीखे बयान दिए। अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर बोलते हुए गहलोत ने विदेश मंत्री के पाकिस्तान को लेकर दिए गए कथित दलाली शब्द पर कड़ी आपत्ति जताई।



उन्होंने कहा कि किसी भी देश के विदेश मंत्री को इस तरह की भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। अगर यह जुबान फिसलने से हुआ है तो अलग बात है, अन्यथा उन्हें माफी मांगनी चाहिए। गहलोत ने कहा कि वर्तमान वैश्विक हालात बेहद संवेदनशील हैं और दुनिया तीसरे विश्व युद्ध जैसी स्थिति की ओर बढ़ रही है। ऐसे समय में हर देश को शांति स्थापित करने के प्रयास करने चाहिए। गहलोत ने डोनाल्ड ट्रंप के बयानों को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि ट्रंप कभी नरेंद्र मोदी को अपना दोस्त बताते हैं, तो कभी उनके खिलाफ टिप्पणी करते हैं। किसी भी देश के राष्ट्रपति द्वारा दूसरे देश के प्रधानमंत्री के लिए इस तरह की भाषा का इस्तेमाल करना असामान्य है। उन्होंने पाकिस्तान की मध्यस्थता पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि इतिहास में वह भारत के सामने कमजोर रहा है।

## छत्तीसगढ़ के कांकेर में एसीएम कैडर के 6 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



**टीम एक्शन इंडिया**

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव-कांकेर बॉर्डर डिवीजन के 5 नक्सली कैडर एवं मिलिट्री कंपनी नंबर-5 की एक महिला नक्सली सहित कुल 6 नक्सलियों ने आज गुरूवार को अपने साथ एक एसएलआर रायफल, दो 303 रायफल के साथ कांकेर एसपी कार्यालय में आत्मसमर्पण कर दिया है।

इसकी पुष्टि करते हुए कांकेर एसपी निखिल राखेचा ने बताया कि कांकेर जिला अंतर्गत एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के रूप में आज राजनांदगांव-कांकेर बॉर्डर डिवीजन के 5 नक्सली कैडर में एसीएम मंगेश पोडियमी, एसीएम गणेश उइके, एसीएम राजे, एसीएम हिडमे मरकाम उर्फ सुनीता, एसीएम मंगती जुर्री और मिलिट्री कंपनी-5 की महिला नक्सली स्वरूपा उसेंडी ने हिंसा का मार्ग त्यागकर मुख्यधारा में शामिल होने का निर्णय लिया है। पुनर्वास के लिए आगे आए इन नक्सली कैडरों ने कुल 3 हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया गया है, जिसमें 1 नग एसएलआर तथा 2 नग .303 राइफल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि उक्त 6 नक्सली कैडर

**नक्सल मुक्त**

पुनर्वास के लिए आगे आए इन नक्सली कैडरों ने कुल 3 हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया गया है

जिन्होंने पुनर्वास का मार्ग चुना है, उनके सामाजिक मुख्यधारा में पुनः एकीकरण तथा हथियारों की औपचारिक सुपुर्दगी आदि की कार्रवाई संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर पिछले 26 महीनों में 2700 से अधिक नक्सली कैडर मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं। इस बाबत बस्तर आईजी सुन्दरराज पट्टलिंगम ने एक बार पुनः शेष बचे कुछ माओवादी कैडरों से हिंसा त्यागकर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील दोहराई है। उन्होंने कहा कि जो कैडर शांतिपूर्ण एवं सम्मानजनक जीवन जीने के लिए आगे आएंगे, उन्हें पुनर्वास नीति के अंतर्गत सभी प्रकार की सहायता प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने जोधपुर में कोई विकास कार्य नहीं करवाए, अब जनता हमसे मांग रही हैः भजनलाल शर्मा

## पूर्ववर्ती सरकार ने जोधपुर में नहीं करवाए काम, अब जनता हमसे मांग रहीः मुख्यमंत्री

**साधा निशाना**

अब जनता हमसे मांग रही है। राज्य सरकार उनकी भावनाओं का पूरा ध्यान रखेगीः मुख्यमंत्री भजनलाल



**टीम एक्शन इंडिया**

**जोधपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने जोधपुर में कोई विकास कार्य नहीं करवाए। अब जनता हमसे मांग रही है। राज्य सरकार उनकी भावनाओं का पूरा ध्यान रखेगी। यह बात उन्होंने आज यहां जोधपुर प्रवास के दौरान राजाराम आंजणा आश्रम ट्रस्ट शिकारपुरा में आयोजित संत राजाराम महाराज के 144वें जन्मोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने अपने संबोधन में पूर्ववतर्ती कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कई कई आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि घोटाले करने वालों का बख्शा नहीं जाएगा। वे सभी जेल जाएंगे। उन्होंने यहां संत राजाराम महाराज की समाधि के दर्शन किए साथ ही संत दयाराम महाराज का आशीर्वाद लिया। उन्होंने मेले का अवलोकन किया तथा संत राजाराम आश्रम के ऐतिहासिक मंदिर में दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, संसदीय कार्य एवं विधि मंत्री जोगाराम पटेल, पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत तथा गुजरात विधानसभा के अध्यक्ष शंकर भाई चौधरी, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, जीवजंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष जसवंत सिंह विश्नोई, पाली सांसद पीपी चौधरी, जालोर सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी, विधायक अर्जुनलाल गर्ग, बाबू सिंह राठौड़, भैराराम सियोल, पब्बाराम विश्नोई, अरुण पटेल, छोटू सिंह, हमीर सिंह भायल, आदुराम मेघवाल व जीवाराम चौधरी भी उपस्थित रहे।

**रामनवमी की दी शुभकामनाएं**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए प्रदेशवासियों को रामनवमी के पावन पर्व की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामनवमी का दिन हमारे जीवन में हर्षोल्लास, उत्साह और भाईचारे की भावना लेकर आता है।

यह पर्व हमें मर्यादा, धर्म और आदर्शों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

# गारंटियों की सरकार निकली टैक्सों की सरकार, कांग्रेस ने हिमाचल की जनता को महंगाई के बोझ तले कुचला : अनुराग ठाकुर

**सेस**

» डीजल पर 10.40 वैट के बाद अब पेट्रोल-डीजल पर सेस की तैयारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** भाजपा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 2022 में बड़ी-बड़ी गारंटियों और वादों के सहारे सत्ता में आई कांग्रेस सरकार आज पूरी तरह से जनता को ठगने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि चौबे बनने निकली कांग्रेस सरकार दुबे बनकर रह गई है, क्योंकि एक भी गारंटी आज तक पूरी नहीं हुई है, बल्कि सत्ता में आते ही जनता पर आर्थिक बोझ डालना शुरू कर दिया गया।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पहले डीजल पर वैट बढ़ाकर इसे 10.40 रुपए प्रति लीटर तक पहुंचाया, जिसके चलते पिछले लगभग 40 महीनों में हिमाचल की जनता से हजारों करोड़ रुपये वसूले गए। अब सरकार पेट्रोल और डीजल पर अतिरिक्त सेस लगाने की तैयारी कर रही है, जो आम जनता की जेब पर सीधा हमला है। उन्होंने मुख्यमंत्री के इस बयान पर भी सवाल उठाया कि सेस अभी लागू नहीं हुआ है। ठाकुर ने कहा कि जब आपके मन में टैक्स लगाने की सोच आ गई है, तो आप उसे लागू करके ही छोड़ेंगे। भाजपा इसका पुरजोर विरोध करेगी और हिमाचल की जनता पर एक रुपये का भी अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ने देगी।

अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर अपने नेताओं और करीबी लोगों को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जहां एक ओर आम जनता महंगाई से त्रस्त है, वहीं दूसरी ओर सरकार ने चेयरमैनों की तनख्वाह चार गुना तक बढ़ा दी, महंगी गाड़ियां उपलब्ध करवाई और अपने चहेतों को फायदा पहुंचाया। उन्होंने इसे कांग्रेस का असली चेहरा बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की नीतियों से खुद उसके नेता भी संतुष्ट नहीं हैं, जिसके कारण पार्टी के अंदर से ही विरोध के स्वर उठ रहे हैं। ठाकुर ने चेतावनी दी कि भाजपा जनता के साथ मिलकर इस जनविरोधी नीति का सड़कों से लेकर सदन तक विरोध करेगी।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि सरकार का यह तर्क पूरी तरह भ्रामक है कि सेस का बोझ व्यापारियों पर पड़ेगा।

## सीनियर इंटर-डिस्ट्रिक्ट हॉकी प्रतियोगिता का आगाज़

**राजन पुरी**
**ऊना।** इंदिरा स्टेडियम एस्ट्रोटर्फ ग्राउंड ऊना में वीरवार को सीनियर स्टेट इंटर-डिस्ट्रिक्ट हॉकी चैंपियनशिप (पुरुष एवं महिला) का भव्य आयोजन शुरू हो गया है। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से करीब 300 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। चैंपियनशिप में पुरुष वर्ग की 9 और महिला वर्ग की 6 टीमों ने भाग लिया है। सभी टीमें जीत के लिए पूरी ताकत झोंक रही हैं और खिलाड़ियों द्वारा बेहतरीन खेल के साथ खेल भावना का शानदार प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में द्रोणाचार्य अवार्डी रोमेश पठानिया उपस्थित रहे। रोमेश पठानिया ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास विकसित करते हैं।

# लाखों लोगों की जान बचाने वाले हिम केयर को घोटाला कहना बेशर्मी : जयराम ठाकुर

**बहाना**

» हिम केयर बंद करने के बहाने खोज रही है सुक्खू सरकार



**चमन शर्मा**
**शिमला।** शिमला से जारी बयान में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि लाखों लोगों की जान बचाने वाले, लोगो में इलाज करवाने का हौसला देने वाले हिम केयर को मुख्यमंत्री द्वारा घोटाला कहना सिर्फ और सिर्फ बेशर्मी है।

सरकार को यह बात आज भी चुभती है कि लोगों की जुबान पर भाजपा की दर्जनों योजनाएं रटी हुई है लेकिन इस सरकार के मंत्रियों के पास भी तीन साल बाद बताने के लिए कोई ढंग की तीन योजनाएं नहीं है। इसलिए लोगों को जिंदगी देने वाली योजनाओं को बंद करने की साज़िशे कर रही है। जिन योजनाओं ने लोगों की जिंदगी बदली उन्हें बंद कर यह सरकार भले ही राजनैतिक बदले की कार्रवाई करे लेकिन प्रदेश के लोग सरकार को माफ़ नहीं करेंगे। हमारी सरकार में ही हिम केयर और आयुष्मान के तहत साढ़े पांच लाख से ज्यादा लोगों का इलाज हुआ जिस पर 500 करोड से ज्यादा रुपए खर्च हुए।

मुख्यमंत्री एक 'वेलफ़ेयर स्टेट' का मतलब और उसका भाव नहीं समझ सकते हैं। वह कभी हिम केयर के उन लाभार्थियों से नहीं मिले। जिन्होंने अपनी आर्थिक हालत को देखते हुए इलाज करवाने के बजाय बीमारी छुपाने का फैसला किया। लेकिन हिम केयर ने उन्हें नई जिंदगी दी। तीन साल के कार्यकाल में जब उनके पास दिखाने के लिए अपनी नाकामियों के अलावा कुछ नहीं तो सरकार साजिशों पर उतर आई है। 'कर-कर्ज़ और मित्रों पर ही मेहरबानी' के मॉडल से चलने वाली सरकार देने के बजाय लेने, खोलने के बजाय बंद करने के काम में लगी है। मुख्यमंत्री यह समझ नहीं पा रहे हैं कि अपनी किसी की खींची लकीर मिटाने से बेहतर है कि अपनी लकीर बड़ी की जाए। अफ़सोस कि उनसे जब कोई लकीर खुद खींची नहीं जा सकी तो औरों की खींची लकीर को मिटाने में ही अपनी ऊर्जा खर्च कर रहे हैं।

## प्रीपेड रिचार्ज न होने पर कट सकती है बिजली : अभिषेक

**राजन पुरी**
**ऊना।** उपमंडल टाहलीवाल के सभी सरकारी विभाग पोस्टपेड मीटरों की बकाया राशि की जांच कर लें और तुरंत बकाया राशि का भुगतान कर लें। यह बात उपमंडल टाहलीवाल के सहायक अभियंता ई. अभिषेक चंदेल ने कही।

उन्होंने कहा कि उपमंडल के तहत सभी सरकारी विभागों के कार्यालयों के विद्युत मीटरों को पोस्टपेड से प्रीपेड में परिवर्तित किया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि अग्रिम रिचार्ज न करने पर बिजली आपूर्ति बंद हो सकती है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से सहयोग की अपील की है, ताकि भविष्य में कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।

# कृत्रिम अंग वितरण कार्यक्रम का आयोजन, दिव्यांगजनों में बढ़ा आत्मविश्वास : राहुल कुमार




**कश्मीर ठाकुर**
**बिलासपुर।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा बिलासपुर के अध्यक्ष एवं उपायुक्त राहुल कुमार ने दिव्यांगजनों के लिए आयोजित कृत्रिम अंग वितरण कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि इस अवसर पर आप सभी के बीच उपस्थित होकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल जरूरतमंद दिव्यांगजनों के जीवन में नई आशा और आत्मविश्वास का संचार करती है, बल्कि समाज में संवेदनशीलता, सहयोग और समावेशन की भावना को भी मजबूत बनाती है। उन्होंने आगे कहा कि कृत्रिम अंग केवल एक सहायक उपकरण नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, सम्मान और गरिमापूर्ण जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्हें विश्वास है कि इन उपकरणों की सहायता से लाभार्थी अपने जीवन में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे और समाज में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। जिला पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने विशेष रूप से उपस्थित होकर इस सराहनीय कार्य के लिए आयोजकों, सहयोगी संस्थाओं और सभी संबंधित व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह प्रयास मानवता की सच्ची सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने सभी से मिलकर एक ऐसे समाज के निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

# विशाल भारती शर्मा ने रेलवे कर्मचारियों का जताया आभार

**राजन पुरी**
**ऊना।** अंब अंदौरा रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी दे रहे कर्मचारियों की ईमानदारी और तत्परता की सराहना करते हुए यूनाइटेड किंगडम में रहने वाले विशाल भारती ने नोर्थन रेलवे सहित रेलवे के टीटी स्टाफ का दिल से धन्यवाद किया है।

बता दें कि विशाल भारती का पासपोर्ट और नकदी ट्रेन में छूट गई थी। यह एक गंभीर स्थिति थी, लेकिन रेलवे कर्मचारियों की सजगता और ईमानदारी के चलते उनका सारा सामान सुरक्षित उन्हें वापस मिल गया। इस सहायता से भावुक होकर उन्होंने रेलवे टीम का सार्वजनिक रूप से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने अपने संदेश में विशेष तौर पर




टीटीआई हरजी मीणा (दिगी), टीटीआई वीरेंद्र शर्मा (दिगी) और पीसी मीना का नाम लेते हुए कहा कि उनके सहयोग ने उनका भरोसा और मजबूत किया है। विशाल भारती ने कहा कि ऐसे ईमानदार और जिम्मेदार कर्मचारियों की वजह से ही भारतीय रेल पर लोगों का विश्वास कायम है।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर रोजगार एवं रक्तदान शिविर का सफल आयोजन : डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा



**टीम एक्शन इंडिया**
**हमीरपुर।** माननीय मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य रोजगार एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिलाध्यक्ष सुमन भारती के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें एनएसयूआई के अध्यक्ष टोनी ठाकुर सहित बड़ी संख्या में युवाओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अनीता वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ कार्यकर्ता तेजनाथ चमोला, देशराज ठाकुर, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजिंदर वर्मा तथा हमीरपुर के अन्य स्थानीय कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम में समाज सेवा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले डॉ. सुरिंदर सिंह डोगरा ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करवाई तथा युवाओं को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया।

निस्वार्थ सेवा भाव संगठन के राज्य कार्यकर्ता जीवन राम ने जानकारी देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगियों का आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम के दौरान युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। यह आयोजन समाज सेवा और जनकल्याण के प्रति एक प्रेरणादायक पहल सिद्ध हुआ।

### नर्सिंग प्रशिक्षुओं और स्टाफ नर्सों ने सेवा भाव से मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिवस



**कश्मीर ठाकुर**
**बिलासपुर।** बिलासपुर में हिमाचल प्रदेश स्टेट नर्सिंग फेडरेशन की अध्यक्षा भावना ठाकुर की अगुवाई में नर्सिंग प्रशिक्षुओं और स्टाफ नर्सों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का जन्मदिवस बड़ी धूमधाम व सेवा भावना के साथ मनाया। इस अवसर पर अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए गए और केक काटकर शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम के माध्यम से समाज सेवा और मानवता का संदेश भी दिया गया।उन्होंने आशा जताई कि सरकार प्रदेशवासियों की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए जनकल्याण के नए आयाम स्थापित करेगी।

उन्होंने ईश्वर से मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश प्रगति और समृद्धि की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

### लमलेहड़ा में विशाल भगवती जागरण 29 मार्च को

**राजन पुरी**
**ऊना।** ऊना के समीप गांव लमलेहड़ा के शिव मंदिर में विशाल भगवती जागरण व भंडारा 29 मार्च को शिवरात्रि के उपलक्ष में बड़ी धूमधाम से करवाया जा रहा है।

मंदिर के मुख्य प्रबंधक पदम देव शर्मा ने बताया कि दोपहर 12 बजे ध्वजारोहण होगा। इसके बाद दोपहर एक बजे भंडारे का प्रशाद अटूट वितरित होगा।

जागरण रात्रि 8 बजे शुरू होगा, जिसमें पंडित पदम देव शर्मा गणेश वंदना से जागरण की शुरुआत करेंगे। इसके बाद प्रसिद्ध गायक बंटी शहजादा महामाई का गुणगान करेंगे।

# सीएम सुक्खू को जन्मदिन पर विधायक विक्कू ने चांदी का मुकुट पहनाकर दी बधाई

**राजन पुरी**
**ऊना।** कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने शिमला में वीरवार को मुख्यमंत्री सुखबिंदर सिंह सुक्खू से मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मानित किया और उनके नेतृत्व में प्रदेश के विकास की कामना की।

इस मुलाकात के बाद विधायक विवेक शर्मा ने मुख्यमंत्री द्वारा पेश किए गए चौथे बजट को लेकर विस्तृत प्रतिक्रिया दी और इसे समाज के हर वर्ग को राहत देने वाला बजट करार दिया। उन्होंने कहा कि यह बजट विशेष रूप से अंतिम पंक्ति पर खड़े परिवारों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।



विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि बजट में महिलाओं के लिए की गई घोषणाएं बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने इंदिरा गांधी प्यारी बहना योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 1500 रुपये देने के प्रावधान को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे महिलाओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता मिलेगी और परिवारों की आय में भी बढ़ोतरी होगी।

विधायक ने भाजपा नेताओं पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जो लोग 1500 रुपये की योजना पर सवाल उठा रहे हैं, वे पहले 2014 के लोकसभा चुनाव में किए गए 15 लाख रुपये देने के वादे का जवाब दें। उन्होंने सवाल उठाया कि कितने लोगों के खातों में यह राशि आई और क्या यह वादा केवल जुमला था। उन्होंने कहा कि बजट में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा वर्करों और मल्टी टास्क वर्करों के मानदेय में बढ़ोतरी की गई है, जिससे उन्हें आर्थिक राहत मिलेगी।

### मुख्यमंत्री सुक्खू के 62वें जन्मदिन पर ऊना में सेवा पर्व



**राजन पुरी**
**ऊना।** प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के 62वें जन्मदिन के अवसर पर जिला मुख्यालय ऊना में युवा कांग्रेस और ऊना ब्लॉक कांग्रेस द्वारा सेवा पर्व का आयोजन किया गया।

युवा व ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में गुरु का लंगर सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा संचालित लंगर में न केवल आर्थिक सहयोग दिया, बल्कि स्वयं परोसकर मरीजों और उनके तीमारदारों की सेवा भी की।

मुख्यमंत्री के जन्मदिन को सादगी और सेवा के साथ मनाने के लिए युवा कांग्रेस के पदाधिकारी और ब्लॉक कांग्रेस के सदस्य सुबह से ही क्षेत्रीय अस्पताल परिसर में जुटना शुरू हो गए थे।

गुरु का लंगर सेवा समिति के माध्यम से आयोजित इस भंडारे में कार्यकर्ताओं ने पूरी श्रद्धा के साथ अपनी सेवाएं दीं। ऊना कांग्रेस ब्लॉक के पूर्व प्रधान रविंद्र सहोड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सत्ता संभालते ही प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का जो संकल्प लिया था वह आज धरातल पर दिख रहा है।

### चैतन्य शर्मा ने 251 कन्याओं का पूजन कर लिया आशीर्वाद

**राजन पुरी**
**ऊना।** मां दुर्गा नवरात्र पर्व के अंतर्गत दुर्गा अष्टमी के शुभ अवसर पर पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने क्षेत्र में धार्मिक आस्था, परंपरा और संस्कारों का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया।

उन्होंने सर्वप्रथम मां भद्रकाली मंदिर में विधिवत शीश नवाकर पूजा-अर्चना की और हवन यज्ञ में पूर्ण आहुति डालकर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में ध्वजारोहण कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद अभयपुर में आयोजित भव्य कार्यक्रम में चैतन्य शर्मा ने 251 कन्याओं का विधिवत पूजन कर उन्हें देवी स्वरूप मानते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कन्याओं को उपहार भेंट कर उनका सम्मान किया और गगरेट विधानसभा क्षेत्र, प्रदेश व देश की उन्नति, शांति एवं जनकल्याण की प्रार्थना की।

चैतन्य शर्मा ने कहा कि कंजक पूजन सनातन संस्कृति की एक महत्वपूर्ण परंपरा है, जिसे वे हर वर्ष श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ निभाते आ रहे हैं।

# बंगाणा में श्री राम नवमी पर निकाली श्री राम एवं श्री हनुमान झांकी

**राजन पुरी**
**ऊना।** श्री राम सेवा समिति द्वारा लगातार चौथी बार श्री राम नवमी के पावन अवसर पर भगवान श्री राम और श्री हनुमान की भव्य झांकी निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। झांकी के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया और जय श्री राम के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

कार्यक्रम की शुरुआत माता जमासनी मंदिर में विधिवत हवन-यज्ञ के साथ हुई। विद्वान आचार्यों द्वारा मंत्रोच्चारण के बीच हवन संपन्न कराया गया, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने आहुति देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना



की। हवन-यज्ञ के पश्चात लाठियाणी से भव्य झांकी का शुभारंभ किया गया। झांकी में भगवान श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण और श्री हनुमान जी की सुंदर झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। झांकी लाठियानी से प्रारंभ होकर बंगाणा बाजार से होते हुए श्री राम नाटक क्लब हटली पहुंची, जहां इन दिनों चल रही श्री शिव महापुराण कथा स्थल पर विशेष पूजा-अर्चना और आरती की गई। कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने झांकी का भव्य स्वागत किया और भगवान श्री राम एवं श्री हनुमान जी की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# चंबा साहित्य उत्सव को मिलेगा नियमित स्वरूप : मुकेश रेपसवाल

**हामिद खान**
**चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बचत भवन में आयोजित एक विशेष समारोह में चंबा साहित्य उत्सव के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधिकारियों, पूर्व अधिकारियों, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चंबा के प्राध्यापकों, विद्यार्थियों तथा प्रेस प्रतिनिधियों को सम्मानित किया।

उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि चंबा साहित्य उत्सव का नियमित वार्षिक आयोजन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चंबा के तत्वावधान में किया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग एवं सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी।



मुकेश रेपसवाल ने आयोजन की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए एक संस्था के पंजीकरण का सुझाव दिया। उन्होंने आयोजन में स्थानीय जनभागीदारी को अधिकाधिक सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक शिक्षा डॉ. विद्यासागर शर्मा से सक्रिय सुझाव एवं अपेक्षित सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया।

उन्होंने विशेष रूप से विद्यार्थियों को साहित्यिक गतिविधियों से जोड़ने की आवश्यकता पर जोर देते हुए महाविद्यालय प्रबंधन को जिला स्तर पर अंतर-महाविद्यालय साहित्यिक गतिविधियों के आयोजन को लेकर वार्षिक कैलेंडर तैयार करने के निर्देश दिए।

# जिला स्तरीय अंडर-16 क्रिकेट टीम के लिए 135 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**राजन पुरी**
**ऊना।** इंदिरा गांधी खेल परिसर में वीरवार को जिला क्रिकेटर संघ द्वारा अंडर-16 क्रिकेट टीम के चयन को लेकर ट्रायल प्रकिया का आयोजन किया गया। चयन प्रक्रिया में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 135 युवा खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।

जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मदन पुरी ने बताया कि 10 अप्रैल से शुरू होने वाली अंडर-16 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए एक मजबूत और संतुलित टीम तैयार करना इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि ट्रायल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आगामी चरण में कोचिंग कैंप के लिए चयनित किया जाएगा। ट्रायल के उपरांत चुने गए खिलाड़ियों में तेजस शर्मा, करण सैनी, सिधार्थ रायजादा, वैभव शर्मा, अतिक्ष शर्मा, सारांश शर्मा, हरशित शर्मा, अक्ष जसबाल, अनिरूद्ध शर्मा, यशवर्धन, उत्काया बाली, आदि, अर्पित शर्मा, आरव जसवाल व रोबिन का नाम शामिल है। वहीं समीर सिंह चौहान, माधव भारद्वाज, अभिनव, तुशार, दिव्यांश, नमिश कालिया, इशान मोदगिल, नितिन धीमान, अक्षित राणा, सार्थक दत्ता, संमीत, सुमित संदल, प्रिंस सोनी, अंकुश कुमार, आदित्य वशिष्ट, अतुल शर्मा, अरवित संधु, हरमन बांगा, अराय ठाकुर, हिमांश शर्मा, पारस शर्मा व कृष्ण शर्मा भी चयनित हुए हैं।

# प्रदेश कांग्रेस सरकार का बजट जनहितैषी, वित्तीय स्थिति पर जनता को गुमराह कर रही भाजपा : रजत राणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**हमीरपुर।** उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस हमीरपुर रजत राणा ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट को सफल और जनहितैषी करार दिया। उन्होंने अपनी टीम के साथ ओकओवर में मुख्यमंत्री सुखबिंदर सिंह सुक्खू से मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की बधाई भी दी।

उत्पादक, बेरोजगार युवाओं, कर्मचारियों सहित हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। उन्होंने महिलाओं को 1500 रुपए मासिक सहायता और 300 यूनिट मुफ्त बिजली को सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की ओर से प्राकृतिक खेती से तैयार उत्पादों का एमएसपी बढ़ाकर किसानों को बड़ी राहत प्रदान की है। उन्होंने कहा कि किसान, बागवानों के साथ ही महिलाओं, युवाओं, कर्मचारियों सहित अन्य हर वर्ग के लिए बजट में प्रावधान किया गया है।

इसका लाभ प्रदेश की जनता को मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता इस बजट को देखकर बौखलाए हुए हैं।

ACTION INDIA
दैनिक एक्शन इंडिया
http:// www.actionindialive.com

# गरीबों की संजीवनी 'हिमकेयर' पर प्रहार, अपनी विफलताओं को छुपाने के लिए सच्चाई से भाग रही सरकार : राकेश जम्बाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**



**मंडी।** जिस योजना ने गरीब को 5 लाख तक का सहारा दिया, उसी हिमकेयर को बंद कर सरकार ने जनता को बीमारी और कर्ज के अंधेरे में धकेलने का काम किया है। राकेश जम्बाल ने हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा हिमकेयर योजना को बंद करने का निर्णय प्रदेश के गरीब, मध्यम वर्ग और जरूरतमंद परिवारों के साथ खुला अन्याय है। उन्होंने कहा कि यह योजना केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि प्रदेश के लगभग 8.5 लाख परिवारों के लिए जीवन बचाने वाली संजीवनी थी, जिसके माध्यम से हर परिवार को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा था। उन्होंने कहा कि अगर हिमकेयर योजना में गड़बड़ी थी तो मुख्यमंत्री अब तक कहां सोए थे? क्या सरकार को साढ़े तीन साल तक कुछ दिखाई नहीं दिया? या फिर अब, जब अपनी नाकामियों का जवाब देने का समय आया है, तो जनता को भ्रमित करने के लिए नई-नई कहानियां गढ़ी जा रही हैं? उन्होंने कहा कि बजट सत्र के बीच इस तरह का ऐलान करना दर्शाता है कि सरकार के पास कोई ठोस नीति नहीं, बल्कि केवल राजनीतिक बचाव की रणनीति है। उन्होंने कहा कि सरकार खुद स्वीकार कर रही है कि पिछले 6 वर्षों में इस योजना पर लगभग 1100 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं, जबकि पंजीकरण और प्रीमियम के माध्यम से जनता से हर साल केवल 13 से 18 करोड़ रुपये ही एकत्र हुए। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि हिमकेयर का पैसा आखिर कहां गया? सरकार को पारदर्शिता के साथ जवाब देना चाहिए, केवल 'गड़बड़ी' का आरोप लगाकर अपनी जिम्मेदारी से भागना उचित नहीं है। उन्होंने सरकार की नीयत पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर योजना में खामियां थीं और उसे बंद करने का विचार पहले से था, तो फिर लाखों लोगों से रजिस्ट्रेशन और रिन्यूअल के नाम पर पैसा क्यों वसूला गया? पहले जहां कार्ड 1 साल के लिए बनता था और अब 3 साल के लिए किया गया, वहां भी शुल्क लिया गया—क्या यह गरीबों से पैसे ऐंठने का एक सुनियोजित तरीका नहीं है? सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि जनता से वसूले गए इस पैसे का हिसाब कहां है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की वास्तविकता बेहद चिंताजनक है।

# राजा हरी सेन मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता में 32 टीमें लेगी भाग



**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** जिला मंडी सुन्दरनगर के महाराजा लक्ष्मण सेन समारक महाविद्यालय के मैदान में राजा हरी सेन मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का उदघाटन क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ़ मंडी के अध्यक्ष अजय राणा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने राजा हरी सिंह के जीवन पर प्रकश डाला और समाज के प्रति उनके योगदान के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर ईएनसी जलशक्ति विभाग धर्मेन्द्र गिल, रूपेंद्र वैद्य चीफ इंजीनियर जलशक्ति विभाग, पूर्व प्रिंसीपल पदम् सिंह गुलेरिया , अजय कपूर पूर्व प्रिंसीपल ,कामेश्वर ठाकुर पूर्व प्रिंसिपल एमएलएसएम कॉलेज , प्रवीण सेन पहले हिमाचल रणजी टीम के खिलाड़ी, रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी मुकेश शर्मा, रणजी खिलाड़ी कौल सिंह ,सब मंडी जिला सब सेंटर के कोच, मंडी जिला अंडर 19 गर्ल्स टीम की खिलाड़ी ,मंडी जिला सीनियर टीम के खिलाड़ी ,ट्रॉफी खेलने वाली 32 टीमो के कप्तान व 300 के लगभग दर्शक उपस्थित रहे।अजय राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में 32 टीमें भाग लेंगी। यह प्रतियोगिता नाकआउट आधार पर खेली जाएगी। विजेता टीम को एक लाख और उपविजेता टीम को पचास हजार का इनाम दिया जाएगा। इस अवसर पर ड्रा के माध्यम से मैच डाले गए

# सिद्धांत जीवन और व्यक्तित्व विकास का आधार : डॉ चमन

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**



**मंडी।** वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग तथा एनसीसी एयर विंग के कैडेटों के लिए एक दिवसीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष एवं एनसीसी वायु सेना विंग, मंडी के फ्लाइट कमांडर तथा एनसीसी अधिकारी फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन ने कहा कि इस संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यार्थियों को सर्विस सिलेक्शन बोर्ड तथा सैन्य सेवाओं में प्रवेश से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना था। उन्होंने विशेष रूप से 'मनसा, वाचा, कर्मणा' के सिद्धांत की विस्तृत व्याख्या करते हुए कहा कि यह सिद्धांत जीवन और व्यक्तित्व विकास का आधार है। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा- मनसा (विचार) का अर्थ है शुद्ध, सकारात्मक एवं लक्ष्य-केंद्रित सोच रखना। वाचा (वाणी) का तात्पर्य है सत्य, संयमित एवं प्रेरणादायक शब्दों का प्रयोग करना। कर्मणा (कर्म) का अभिप्राय है अपने कर्तव्यों का निष्ठा, ईमानदारी और अनुशासन के साथ पालन करना। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा- जब व्यक्ति के विचार, वाणी और कर्म में एकरूपता होती है, तभी वह सच्चे अर्थों में सफल एवं आदर्श व्यक्तित्व का निर्माण कर सकता है। विशेषकर सर्विस सिलेक्शन बोर्ड जैसी प्रतिस्पर्धी प्रक्रियाओं में इस सिद्धांत का पालन सफलता की कुंजी सिद्ध होता है। इस अवसर पर 1 एयर स्क्वाड्रन एनसीसी, हिसार हरियाणा के एसोसिएट एनसीसी अधिकारी फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. गोविल जिंदल ने बतौर स्रोत व्यक्ति अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यार्थी कठोर अनुशासन, समर्पण और निरंतर प्रयास के माध्यम से उच्चतम लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया

# तरघेल से लदरौर सड़क मार्ग आगामी 30 मार्च तक यातायात के लिए बंद

**बिलासपुर, कश्मीर ठाकुर।** जिला दण्डाधिकारी एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने मोटर वाहन अधिनियमए 1988 की धारा 115 के अंतर्गत आदेश जारी करते हुए बताया कि लोक निर्माण विभाग मण्डल बिलासपुर के अंतर्गत सकरोहा-मंझवाड-जबलयाणा सड़क मार्ग आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते प्रात: 9 बजे से सांय 5 बजे तक सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए आगामी 27 मार्च तक बंद रहेगा। जबकि लोक निर्माण विभाग मण्डल घुमारवीं के अंतर्गत तरघेल से लदरौर सड़क मार्ग आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए आगामी 30 मार्च तक बंद रहेगा।

# अष्टमी व नवमी पर श्री नैना देवी सरकी धार में उमड़ा आस्था का सैलाब, हजारों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**



**मंडी।** चैत्र मास के पावन नवरात्रों के अवसर पर श्री नैना देवी सरकी धार में अष्टमी व नवमी के दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। हजारों श्रद्धालुओं ने 'जय माता दी' के जयकारों के साथ मां नैना देवी के दरबार में पहुंचकर शीश नवाया और अपने उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नवरात्रों के उपलक्ष्य में श्री नैना देवी बाबा ध्वजाधारी मंदिर समिति द्वारा मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा है। दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन कर अपने और अपने परिवार की सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रतिदिन लंगर की व्यवस्था की जा रही है, जहां बड़ी संख्या में भक्त प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। इसके साथ ही साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नवरात्रों के दौरान लगातार भक्तों का तांता लगा हुआ है और पूरा क्षेत्र भक्ति के रंग में रंगा हुआ नजर आ रहा है।

# अग्निवीर भर्ती रैली में युवाओं का उत्साह, 1.6 किमी दौड़ में 286 अभ्यर्थी सफल

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** वीर भूमि हिमाचल प्रदेश सदैव देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत रही है। पण्डोह में चल रही अग्निवीर भर्ती रैली, जिसका आयोजन एआरओ मंडी द्वारा मुख्यालय भर्ती जोन अंबाला के अंतर्गत किया जा रहा है, में युवाओं में जबरदस्त उत्साह और देशसेवा का जज्बा देखने को मिल रहा है। पिछले पांच दिनों में लगभग 2000 इच्छुक युवाओं ने विभिन्न चरणों की परीक्षाओं में भाग लेकर अपना साहस, दृढ़ संकल्प और शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया है। 26 मार्च को एक गौरवपूर्ण क्षण तब आया जब कारगिल युद्ध के अनुभवी ब्रिगेडियर खुशाल ठाकुर (सेवानिवृत्त) ने 1.6 किलोमीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने टोलिंग और टाइगर हिल पर ऐतिहासिक विजय प्राप्त करने वाले 18 ग्रेनेडियर्स के कमांडिंग ऑफिसर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके प्रेरणादायक शब्दों ने अभ्यर्थियों में नई ऊर्जा और जोश का संचार किया। आज की भर्ती प्रक्रिया में कुल 389 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 286 अभ्यर्थियों ने सफलतापूर्वक 1.6 किलोमीटर दौड़ पूरी कर अगले चरण के लिए पात्रता हासिल की। यह जानकारी भर्ती निदेशक, एआरओ मंडी, कर्नल गौतम निशान्त ने दी।

# रामनवमी में मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, हवन पूजन से भक्तिमय हुआ माहौल

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** नवरात्रों के अंतिम दिन रामनवमी को लेकर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी । हवन, यज्ञ और पूजन के चलते माहौल भक्ति में हो गया । हर जगह जहां कहीं जय श्री राम के नारे गूंज रहे थे तो वही जय माता दी तथा जय वीर बजरंगी के मधुर स्वर भी सुनाई दिए । जिला मंडी के दरांग सिरे की माता चामुंडा  के मंदिर में जहां 9 दिनों तक चले माता भगवती पाठ की पूर्णाहुति पूर्ण हुई, तो वही लोगों को माता द्वारा आशीर्वाद भी दिया गया । इसके अलावा जिला के बाखली स्थित मां बगलामुखी, देव सात वाला कामेश्वर देवघर, माता बाला सुंदरी, मंडल, चंडी माता कटोला, माता हटेश्वरी, शीतला माता सुंदरनगर, नैना देवी रिवालसर,  नैना उग्रतरा कटवाड, देव माहूनाग तरोर, देव ऋषि गण परबड़ी, देवनाल त्रोकडा दुर्गा, सहित तमाम मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। लगभग सभी मंदिरों में भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमें हजारों लोगों ने भंडारे को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। मंडी में श्री सनातन धर्म सभा द्वारा राम नवमी महोत्सव के सनातन धर्म सभा मंदिर से एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। ढोल-नगाड़ों की गूंज और 'जय श्री राम' के जयकारों से पूरा शहर भक्तिमय हो गया। भगवान श्रीराम की आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।श्रद्धालु नाचते-गाते हुए भक्ति में लीन दिखाई दिए। आयोजकों के अनुसार, यह महोत्सव 19 मार्च को शुरू हुआ था और आज धूमधाम से संपन्न हुआ। इस दौरान प्रतिदिन राम कथा, भजन-कीर्तन और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सनातन धर्म सभा मंडी के प्रधान रविकांत वैद्य ने बताया कि राम नवमी का यह पर्व हमें मर्यादा, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।शोभा यात्रा हनुमान घाट तक निकाली गई, जहाँ हनुमान जी की पूजा-अर्चना की गई। रविकांत वैद्य ने यह भी बताया कि शुक्रवार को सनातन धर्म सभा मंदिर में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# एनएचएम कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि करना सरकार का ऐतिहासिक निर्णय : महासंघ

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** नेशनल हेल्थ मिशन हिमाचल प्रदेश कर्मचारी महासंघ ने प्रदेश सरकार द्वारा बजट सत्र के दौरान एनएचएम कर्मचारियों के वेतनमान में वृद्धि किए जाने पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का हार्दिक धन्यवाद, गहरा आभार एवं अभिनंदन व्यक्त किया है। महासंघ ने इस निर्णय को ऐतिहासिक, स्वागतयोग्य, सराहनीय तथा कर्मचारी हित में लिया गया अत्यंत महत्वपूर्ण कदम बताया है। यह शब्द एनएचएम हिमाचल प्रदेश कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मनजीत धीमान, महासचिव  सुनील कुमार एवं प्रेस सचिव राज महाजन ने अपने संयुक्त बयान में कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि वे प्रदेश के कर्मचारियों की भावनाओं, समस्याओं और लंबे समय से लंबित मांगों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील, गंभीर और प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि नेशनल हेल्थ मिशन कर्मचारियों के वेतनमान में वृद्धि बजट सत्र के माध्यम से की गई है, जो एनएचएम कर्मचारियों के लिए केवल आर्थिक राहत ही नहीं, बल्कि सम्मान, विश्वास और मनोबल बढ़ाने वाला ऐतिहासिक निर्णय भी है। उन्होंने कहा कि वर्षों से अनुबंध आधार पर सेवाएं दे रहे एनएचएम कर्मचारियों के लिए यह फैसला सरकार की सकारात्मक सोच, संवेदनशील प्रशासनिक दृष्टिकोण और कर्मचारी हितैषी नीतियों का स्पष्ट प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि एनएचएम कर्मचारी प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं, जो पिछले 27 वर्षों से अनुबंध आधार पर निरंतर समर्पण, निष्ठा और सेवाभाव के साथ कार्य कर रहे हैं। राज्य के दूरस्थ, दुर्गम, जनजातीय और चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों ने हर परिस्थिति में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

महासंघ ने कहा कि चाहे बात सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों  की हो, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की, राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, जनजागरूकता अभियानों, आपदा जैसी परिस्थितियों, या फिर कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी के कठिन दौर की, एनएचएम कर्मचारियों ने हर मोर्चे पर अग्रिम पंक्ति में रहकर कार्य किया है। उन्होंने सीमित संसाधनों, कम वेतन, अस्थिर सेवा शर्तों और भविष्य की अनिश्चितताओं के बावजूद सदैव जनता के स्वास्थ्य हित को सर्वोपरि रखा है। यह वेतनमान वृद्धि एनएचएम कर्मचारियों के वर्षों के धैर्य, संघर्ष, अनुशासन, संगठनात्मक एकजुटता और निरंतर सेवाभाव की भी एक प्रकार से स्वीकृति है। उन्होंने कहा कि एनएचएम कर्मचारी पिछले 27 वर्षों से लगातार अनुबंध आधार पर कार्यरत हैं

# हैंडलूम के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी,** नाबार्ड प्रायोजित और मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति आयोजित परियोजना सरोआ हैंडलूम में नाबार्ड क्षेत्रीय ऑफ़िस शिमला से मुख्य महाप्रवन्धक विवेक पठानिया के द्वारा मूल्यांकन भ्रमण किया गया । इस दौरान सरोआ हैंडलूम के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई और कहा गया कि उत्पादों की गुणवता , नये डिजाईन पर और बेहतर काम किया जाए और उत्पादों को विक्री हेतु नाबार्ड द्वारा अन्य जिलो में खोले गए विभिन आउटलेट्स में भेजा जाए । उन्होंने कहा कि बुनकर महिलाये को यूनिट्स में कार्य करने हेतु प्रेरित किया जाए

# दो दिवसीय मां शारदा  माता भालारिहड़ा मेला  धूमधाम के साथ सम्पन्न , वीडीओ  चौंतडा रहे मुख्यातिथि

**टीम एक्शन इंडिया**
**संगराय**



**जोगिंद्रनगर।** दो दिवसीय मां शारदा मेला भालारिहड़ा का वीरवार को समापन हो गया। समापन समारोह में विकास खंड चौंतडा के खंड विकास अधिकारी अनुभव तनवर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्य अतिथि अनुभव तनवर सबसे पहले देव पशाकोट कुट खेतड़ू की भव्य जलेब में शामिल हुए और देव पशाकोट के चरणों में शीश नवाया। उसके बाद माता शारदा के मंदिर में माथा टेका। मेला कमेटी के प्रधान संजय जमवाल ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मेले के दौरान स्थानीय बच्चों ने विभिन्न गायन व नृत्य कार्यक्रम पेश किए गए। वहीं, महिला मंडल हराबाग की महिलाओं ने पहाड़ी नाटी प्रस्तुत कर समा बांधा। इसके अलावा मटका फोड़, म्यूजिकल चेयर और रस्साकसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। मटका फोड़ प्रतियोगिता में महिला पट्ट ने बाजी मारी। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में महिला मंडल आहडू प्रथम व महिला मंडल गदयाडा दूसरे स्थान पर रहा। वहीं, रस्साकसी में महिला मंडल हराबाग ने विजयी रहा। इस मौके पर मुख्यातिथि अनुभव तनवर ने कहा कि ऐसे मेले हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं के जीवंत प्रतीक हैं, जो हमें अपनी जड़ों से जोड़ते हैं। आज के दौर में जब लोग अपनी परंपराओं से दूर होते जा रहे हैं,

# बिलासपुर में चुनी गई जिला की अंडर-16 क्रिकेट टीम



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** बिलासपुर क्रिकेट एसोशिएशन द्वारा वीरवार को स्थानीय लुहणू स्टेडियम में जिला की अंडर-16 टीम का चयन किया गया। इस चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए किशोर खिलाड़ियों का भारी हुजूम उमड़ा। यह जानकारी देते हुए बिलासपुर क्रिकेट संघ के सचिव विशाल जगोता ने बताया कि बिलासपुर में संभावित खिलाड़ियों में सुवांश द्विवेदी, अखिल धीमान, आरव भोगल, प्रिंस ठाकुर, मयंक शर्मा, अंश गौतम, अभिनव, प्रतीक मिन्हास, आर्यन पुंडीर, राघव वर्मा, धैर्य गुप्ता, मनन रणौट, सारंग चंदेल, शौर्यवीर, अक्षज ठाकुर, तरूण, आयुष कुमार, अर्श धीमान, सक्षम, सूर्या, अर्नव गौतम और आरव गौतम को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि इस चयन प्रक्रिया के संयोजक महेंद्र चंदेल रहे जबकि सह संयोजक आरके रघु थे। जबकि चयनकर्ताओं में विनेंद्र डोगरा, विशाल रतवान, जितेंद्र ठाकुर और आशीष कपिल शामिल रहे। विशाल जगोता ने कहा कि बिलासपुर टीम अपना पहला मैच दस अप्रैल को उना में कांगड़ा के साथ खेलेगी। जबकि बिलासपुर टीम का प्रशिक्षण शिविर बिलासपुर में कल से शुरू होगा।

# एनटीपीसी कोलडैम में हिन्दी कार्यशाला का सफल आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**



**बिलासपुर।** राजभाषा हिन्दी के प्रचार.प्रसार एवं कार्यालयीन उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति बिलासपुर तथा एनटीपीसी कोलडैम द्वारा एनटीपीसी कोलडैम परिसर में राजभाषा हिन्दी कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनटीपीसी कोलडैम के परियोजना प्रमुख एसएस राव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर चंद्रशेखर यादव अध्यक्ष नराकास बिलासपुर, नरेंद्र आजाद सचिव नराकास बिलासपुर, मंगला हरीन्द्रन, अपर महाप्रबंधक, एनटीपीसी कोलडैम, एनटीपीसी कोलडैम के सभी विभागाध्यक्ष, राजभाषा अधिकारी एनटीपीसी कोलडैम पूरन सिंह एवं अन्य संस्थाओं से पधारे अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यूको बैंक चंडीगढ़ के मुख्य प्रबंधक (राजभाषा) प्रदीप चतुर्वेदी ने राजभाषा कार्यशाला में मुख्य वक्ता की भूमिका निभाई। उन्होने राजभाषा अधिनियम के अंतर्गत सरकारी कार्यों में हिंदी के अनिवार्य उपयोग एवं उसके अनुपालन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने नियमों का पालन न करने की गंभीरता पर प्रकाश डालते हुए हिंदी में पत्राचार तथा दैनिक कार्यों में सरलता से हिंदी के उपयोग के व्यावहारिक उपायों को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि हिंदी का प्रयोग केंद्रीय सरकारी कार्यालयों एवं सभी संस्थानोका महत्वपूर्ण दायित्व है।

मुख्य अतिथि एसएस राव ने अपने संबोधन में क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कार्यालयों की राजभाषा हिन्दी के प्रचार.प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। उन्होंने सभी सदस्य कार्यालयों से अपने.अपने संस्थानों में हिंदी के उपयोग को बढ़ावा देने, कर्मचारियों को प्रेरित करने तथा राजभाषा संबंधी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मंगला हरीन्द्रन ने बताया कि एनटीपीसी कोलडैम के विभिन्न विभागों में शत.प्रतिशत कार्य हिंदी में किए जा रहे हैं। साथ ही हिंदी पखवाड़ा, हिंदी दिवस, राजभाषा कार्यशालाओं, विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने हेतु निरंतर प्रेरित किया जाता है। कार्यक्रम का सफल आयोजन एनटीपीसी कोलडैम की राजभाषा हिन्दी के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है तथा यह कार्यशाला हिंदी के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुई।

# झबोला के डीएवी स्कूल में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत समारोह में अभिभावकों को दी गई विस्तृत जानकारी




**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल झबोला में नवप्रवेशी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के लिए एक स्वागत एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पारंपरिक हवन में अभिभावकों और बच्चों ने भाग लिया । इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य रवि कुमार कारवा ने हवन की धार्मिक और वैज्ञानिक महत्ता पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत कन्या पूजन की । आयोजित विद्यार्थियों और अभिभावकों के  परिचय सत्र में अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, ड्रेस कोड, पुस्तकों, कॉपियों और अन्य व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही फीस संरचना और परिवहन सुविधा से जुड़े पहलुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम के दौरान कक्षा दूसरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट भी आयोजित हुआ। अंत में शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर अभिभावकों और विद्यार्थियों ने सामूहिक फोटो के माध्यम से इस यादगार पल को संजोया।

# पंडोह में सड़क हादसे में 2 की मौत: कार-बस टक्कर में 20 वर्षीय दो युवा मृत, दो घायल



**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** मंडी जिले के पंडोह डैम के पास गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ। इस दुर्घटना में दो युवाओं की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कार नंबर HP 28 B-2541 कुल्लू से मंडी की ओर आ रही थी। पंडोह डैम के समीप यह कार सामने से आ रही एक निजी बस से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में 20 वर्षीय शशांक और गायत्री की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।  लगभग 20 वर्ष की आयु के एक युवक और युवती गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

# राज्य स्तरीय नलवाड़ मेले में बॉक्सिंग प्रतियोगिता संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**



**मंडी।** राज्य स्तरीय नलवाड़ मेले के अंतर्गत आयोजित बॉक्सिंग प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। प्रतियोगिता में विभिन्न भार वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। जूनियर वर्ग के 30 किलोग्राम भार वर्ग में मंडी के समर्थ ने स्वर्ण पदक, सुंदरनगर के कार्तिक ने रजत तथा सुंदरनगर के शिवांश ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 40 किलोग्राम भार वर्ग में सुंदरनगर के प्रत्युष ने स्वर्ण तथा दिव्यांश शर्मा ने रजत पदक हासिल किया। 54 किलोग्राम भार वर्ग में एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर के शौर्य ने स्वर्ण तथा सुंदरनगर के कार्तिक ने रजत पदक जीता। महिला वर्ग के 51 किलोग्राम भार वर्ग में एमएलएसएम सुंदरनगर की रूहानी ने स्वर्ण तथा सनराइज बॉक्सिंग जडोल की दीक्षा ने रजत पदक हासिल किया। सीनियर वर्ग में 55 किलोग्राम भार वर्ग में जडोल के शौर्य ने स्वर्ण तथा सक्षम ने रजत पदक जीता। 64 किलोग्राम भार वर्ग में जडोल के तुषार ने स्वर्ण तथा सुंदरनगर के शिवांश ने रजत पदक प्राप्त किया। 80 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में जडोल के निखिल ने स्वर्ण तथा सुंदरनगर के उदित सेन ने रजत पदक हासिल किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर एएसपी अभिमन्यु वर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

# मंडी के कंसा चैक में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा भारत रतन डा. बीआर अंबेडकर जयंती पर्व

**शुभारंभ**

## प्रदेशस्तरीय बैठक में लिया गया निर्णय, सौंपी गई जिम्मेवारियां



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** करोड़ों दबे, कुचले, शोषित, वंचित और पीड़ित लोगों के मुक्तिदाता भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीम राव अंबेडकर जी की जयंती आगामी 14 अप्रैल को मंडी जिला के बल्ह विस क्षेत्र के कंसा चैक में बड़े हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी एवं अल्प संख्यक वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले होने वाले इस विशाल आयोजन को लेकर वीरवार को बिलासपुर मंडी जिला की सीमा पर स्थित एचीटीडीसी के होटल बाघल दाड़लाघाट में प्रदेशस्तरीय बैठक का आयोजन मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हीरामणी भारद्वाज की अध्यक्षता में किया गया। प्रैस को जारी बयान में प्रदेश महासचिव तारा चंद रणौट ने बताया कि मंडी में होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर बैठक में रूपरेखा तैयार की तथा समितियों और उपसमितियों का गठन किया गया तथा जिम्मेवारियां सौंपी गई। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम प्रधान भानू राम आजाद की रहनुमाई में होगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि बाबा साहेब के संघर्ष और उनकी जीवन पर आधारित यह जयंती कार्यक्रम जागरूकता के तौर पर पूरा एक महीना प्रदेश के विभिन्न स्थानों में मनाया जाएगा। वहीं प्रदेशाध्यक्ष हीरामणी भारद्वाज ने कहा कि इस कार्यक्रम में आपदा ग्रस्त सिराज क्षेत्र, सरकाघाट और कुल्लु के पीड़ित परिवारों के लिए आर्थिक मदद भी दी जाएगी। इसी के साथ एससी,एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक वर्ग के ऐसे बच्चे जिन्होंने शैक्षणिक, खेलकूद, कला या किसी अन्य क्षेत्र में देश और प्रदेश का नाम रोशन किया हो को भी सम्मानित किया जाएगा

# चंबी खेल मैदान को सिंथेटिक ट्रैक से विकसित करने की मांग को लेकर अरविंद सिंह चौधरी ने शुरू की पहल

**देवभूमि मिरर/धर्मशाला**

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अरविंद सिंह चौधरी ने शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चंबी खेल मैदान को आधुनिक सुविधाओं से युक्त सिंथेटिक ट्रैक सहित विकसित करने की मांग को लेकर एक जनहित मुहिम शुरू की है। अरविंद सिंह चौधरी ने कहा कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र का चंबी खेल मैदान लंबे समय से क्षेत्र के युवाओं की खेल गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा है। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में युवा यहां दौड़ और शारीरिक अभ्यास करते हैं तथा भारतीय सेना, पुलिस, अर्धसैनिक बलों और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं की तैयारी में जुटे रहते हैं। लेकिन मैदान में आधुनिक खेल सुविधाओं और सिंथेटिक ट्रैक के अभाव के कारण युवाओं को कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यदि चंबी खेल मैदान को सिंथेटिक ट्रैक सहित विकसित किया जाता है तो इससे क्षेत्र के हजारों युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा और वे अपनी प्रतिभा को निखारकर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकेंगे। साथ ही युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहन मिलेगा और वे सकारात्मक गतिविधियों की ओर अग्रसर होंगे। अरविंद सिंह चौधरी ने कहा कि खेल सुविधाओं का विकास युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। खेल मैदान केवल अभ्यास का स्थान नहीं होता, बल्कि यह अनुशासन, स्वास्थ्य और राष्ट्र निर्माण की भावना को भी मजबूत करता है। उन्होंने प्रदेश सरकार और संबंधित विभागों से आग्रह किया है कि चंबी खेल मैदान को प्राथमिकता के आधार पर सिंथेटिक ट्रैक और अन्य आधुनिक खेल सुविधाओं से विकसित किया जाए, ताकि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के युवाओं को अपने ही क्षेत्र में बेहतर प्रशिक्षण की सुविधा प्राप्त हो सके। अरविंद सिंह चौधरी ने कहा कि इस जनहित के मुद्दे को लेकर वे लगातार प्रयास करते रहेंगे

# मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर महिला मंडलों का सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**



**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के जन्मदिवस के अवसर पर सदर विधानसभा क्षेत्र के धार टटोह में एक विशेष महिला मंडल सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम समाजसेवी एवं हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के निदेशक सुनील शर्मा की अगुवाई में संपन्न हुआ। इस मौके पर क्षेत्र के करीब 15 महिला मंडलों धारटटोह, कवाली, झमाड़, जेरख, बैरी रजादियां, ठोड्डू, संदौली, सरड़ और सोलग सहित अन्य गांवों की महिलाओं को सम्मानित किया गया। सभी महिला मंडलों की सदस्याओं को वर्दियां भेंट की गईं और प्रोत्साहन के रूप में प्रत्येक मंडल के खाते में 2100 रुपये की राशि भी हस्तांतरित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुनील शर्मा ने कहा कि महिला मंडल ग्रामीण समाज की रीढ़ हैं जो सामाजिक जागरूकता, स्वच्छता अभियान, शिक्षा और जनकल्याण के कार्यों में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा पेश किए गए बजट की सराहना करते हुए कहा कि इसमें किसानों, बागवानों और पशुपालकों के हित में कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद मुख्यमंत्री प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी प्रयास कर रहे हैं। महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं के रोजगार और औद्योगिक विकास के लिए उठाए गए कदम आने वाले समय में सकारात्मक परिणाम देंगे। इससे पहले सुनील शर्मा ने क्षेत्रीय अस्पताल में मरीजों और तीमारदारों को फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। बाद में सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाया गया। इसके अतिरिक्त उन्होंने दयोली स्थित वृद्धाश्रम में भी वृद्धजनों को फल व मिठाई वितरित कर उनका हालचाल जाना।

# हिमाचल में 1427 शिक्षकों की भर्ती का परिणाम घोषित

**टीम एक्शन इंडिया**

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए 'लिमिटेड डायरेक्ट रिक्रूटमेंट टेस्ट 2025-26' का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने धर्मशाला में एक प्रेस वक्तव्य जारी कर बताया कि प्रदेश सरकार के कड़े निर्देशों के अनुपालन में बोर्ड ने इस पूरी चयन प्रक्रिया को अत्यंत अल्प समय में और पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न किया है। यह परीक्षा बीते 22 फरवरी 2026 को आयोजित की गई थी, जिसका परिणाम अब बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिया गया है। इस भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से शिक्षा विभाग में टीजीटी (आर्ट्स, नॉन-मेडिकल, मेडिकल, संस्कृत, हिंदी), जेबीटी एवं ड्राइंग मास्टर के कुल 1427 रिक्त पदों को भरा जा रहा है। विशेष बात यह है कि इस भर्ती में एसएमसी (स्क्ष्ट) नीति के तहत प्रदेश के विभिन्न स्कूलों में अपनी सेवाएं दे रहे शिक्षकों ने भाग लिया। डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि निदेशालय उच्च शिक्षा से प्राप्त मांग पत्र के आधार पर ही इन पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया था, ताकि अनुभवी शिक्षकों को उचित अवसर मिल सके और स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार हो। भर्ती के आंकड़ों पर जानकारी देते हुए बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि इन पदों के लिए कुल 1437 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिन्हें जांच के उपरांत अस्थायी रूप से पात्र घोषित किया गया था। आयोजित स्क्रीनिंग टेस्ट में कुल 1433 अभ्यर्थी शामिल हुए, जबकि मात्र 4 अभ्यर्थी ही परीक्षा से अनुपस्थित रहे। बोर्ड द्वारा निर्धारित कड़े मानकों और पारदर्शी चयन प्रक्रिया के आधार पर मेरिट तैयार की गई है। संबंधित अभ्यर्थी अब अपना व्यक्तिगत परिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर लॉगिन कर देख सकते हैं। डॉ. राजेश शर्मा ने सफल अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड भविष्य में भी सभी भर्ती परीक्षाओं को निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य की चयन प्रक्रियाएं भी इसी प्रकार सुचारू और आधुनिक तकनीक के समन्वय से संपन्न की जाएंगी

# नगर पंचायत झंडूता तथा स्वारघाट के वार्डों का अंतिम परिसीमन आदेश जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश नगरपालिका निर्वाचन नियम, 2015 के तहत उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने नगर पंचायत झंडूता एवं स्वारघाट के वार्डो के परिसीमन से संबंधित अंतिम आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेशों में उपायुक्त ने बताया कि नगर पंचायत झंडूता के वार्डों के परिसीमन के संबंध में 03 मार्च 2026 को नोटिस जारी कर आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित किए गए थे, जिसके लिए सात दिन का समय निर्धारित किया गया था। निर्धारित अवधि के दौरान एक सुझाव प्राप्त हुआ, जिसका निपटारा 13 मार्च, 2026 को कर दिया गया। इसके अतिरिक्त कोई अन्य आपत्ति या सुझाव प्राप्त नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत झंडूता के वार्डों का अंतिम परिसीमन निर्धारित किया गया है जिसमें ठप्पर.1, आनन्दघाट.2, जेटवीं छोटी बिलौर.3, वडवाड.4, वांडा.5, झण्डु.6 तथा बैहरन.7 शामिल है। इसी प्रकार नगर पंचायत स्वारघाट के वार्डों के परिसीमन के संबंध में भी 03 मार्च, 2026 को नोटिस जारी कर सात दिन के भीतर आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित किए गए थे, किन्तु निर्धारित अवधि में कोई भी आपत्ति या सुझाव प्राप्त नहीं हुआ।

उपायुक्त ने बताया कि नगर पंचायत स्वारघाट के वार्डों का अंतिम परिसीमन जारी किया गया है जिसमें दभेटा वार्ड.1, मतनोह वार्ड .2, कुटेहला वार्ड .3, मंझेर वार्ड .4, समलेटू वार्ड .5, काथला वार्ड .6 तथा थापना वार्ड .7 शामिल किए गए है।

## संक्षिप्त खबरें

### नाहन के पास बिजली की तार के चपेट में आने से व्यक्ति की मौत



**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**

**नाहन।** नाहन के समीप शंभुवाला क्षेत्र में एक व्यक्ति की करंट लगने से मृत्यु होने की घटना दर्ज की गई है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह घटना बुधवार देर रात लगभग 1:30 बजे की है, जब शुमटी निवासी गांव पीर भोली, जिला बिलासपुर यमुनानगर अपने ट्रक पर तिरपाल डालने के लिए छत पर चढ़ा हुआ था। इसी दौरान वह ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइनों के संपर्क में आ गया, जिससे उसे करंट लगा। घटना के समय वह कार्य कर रहा था और करंट लगने के बाद उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा है, ताकि मृत्यु के कारणों की पुष्टि की जा सके। एसपी सिरमौर निश्चिन्त सिंह नेगी ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है और घटनाक्रम के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### माता पद्मावती कॉलेज ऑफ नर्सिंग की 4 छात्राएं रहीं 6वें सेमेस्टर में अव्वल

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**



**नाहन।** माता पद्मावती कॉलेज ऑफ नर्सिंग की बी.एससी. नर्सिंग 6वें सेमेस्टर आज घोषित नतीजों में कॉलेज की 4 छात्रओं ने अवल्ल स्थान हासिल किया है। जिनमे छात्रा संस्कृति पुत्री स्व. श्री दिनेश ने अटल मेडिकल एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी (AMRU) में चौथा स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया। इसी कड़ी में अनन्या कुकरेती पुत्री श्री आशीष कुकरेती ने विश्वविद्यालय में आठवां स्थान प्राप्त किया। कॉलेज की प्रिंसिपल ने बताया कि महाविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थानः संस्कृति (SGPA 8.9) द्वितीय स्थानः अनन्या कुकरेती (SGPA 8.67) तृतीय स्थानः निहारिका (पुत्री श्री नरेंद्र सिंह) - SGPA 8.43 चतुर्थ स्थानः परविंदर (पुत्री श्री अत्तर सिंह) - SGPA 8.19 स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के चेयरमैन अनिल जैन, सचिव सचिन जैन एवं प्राचार्या श्रीमती रिजी घीवरघेस ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, समर्पण और शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। माता पद्मावती कॉलेज ऑफ नर्सिंग परिवार इस सफलता पर गर्व महसूस करता है और आशा करता है कि विद्यार्थी आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे।

# भीम पेमेंट्स ऐप ने एंड्रॉइड और आईओएस पर यूपीआई भुगतान के लिए बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन लॉन्च किया

**टीम एक्शन इंडिया**



**शिमला।** एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड (एनबीएसएल)जो कि नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है ने आज भीम पेमेंट्स ऐप पर यूपीआई भुगतान के लिए बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन फीचर लॉन्च करने की घोषणा की। यह नया फीचर यूज़र्स को 5000 रूपये तक के यूपीआई लेनदेन को फिंगरप्रिंट या फेस रिकग्निशन के माध्यम से मंजूरी देने की सुविधा देता है जिससे रोज़मर्रा के भुगतान तेज़,आसान और अधिक सुरक्षित हो जाते हैं। यह सुविधा वर्तमान में उन आईओएस और एंड्रॉइड डिवाइस पर उपलब्ध है जो बायोमेट्रिक क्षमताओं को सपोर्ट करते हैं।इस फीचर के साथ भीम यूज़र्स को हर बार भुगतान के लिए यूपीआई पिन दर्ज करने की आवश्यकता नहीं होगी। यह उन स्थितियों में विशेष रूप से उपयोगी है जब यूज़र्स पिन भूल जाते हैं या गलत दर्ज कर देते हैं जिससे भुगतान विफल हो सकता है। ललिता नटराज एमडी एवं सीईओ एनबीएसएल ने कहा भीम पेमेंट्स ऐप का उद्देश्य हमेशा से डिजिटल भुगतान को हर भारतीय के लिए सरल,सुरक्षित और सुलभ बनाना रहा है।बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन के साथ हम रोज़मर्रा के भुगतान को और आसान बना रहे हैं साथ ही उनकी सुरक्षा और भरोसे को भी मज़बूत कर रहे हैं। फिंगरप्रिंट या फेस अनलॉक के माध्यम से भुगतान की पुष्टि करके हम पिन पर निर्भरता कम कर रहे हैं और भुगतान को सीधे यूज़र से जोड़ रहे हैं। बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन भुगतान में एक अतिरिक्त सुरक्षा परत जोड़ता है।क्योंकि फिंगरप्रिंट और फेस रिकग्निशन प्रत्येक यूज़र के लिए विशिष्ट होते हैं और डिवाइस में सुरक्षित रहते हैं इसलिए भुगतान सीधे यूज़र की पहचान से जुड़ा रहता है।इससे पिन साझा करने या गलत दर्ज करने जैसे जोखिम कम हो जाते हैं और यूज़र्स अधिक भरोसे के साथ लेनदेन कर सकते हैं।5000 रूपये से अधिक के लेनदेन के लिए यूपीआई पिन की आवश्यकता जारी रहेगी जिससे उच्च मूल्य के भुगतान के लिए अतिरिक्त सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

# बिलासपुर में श्री राम नवमीं पर्व पर विशाल हवन यज्ञ का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** बिलासपुर में श्री राम नवमीं पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। शहर के डियारा सेक्टर में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में मंदिर न्यास और जन सहयोग से विशाल हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां डाली तथा अपने परिवार के साथ विश्व अमन चैन की कामना भगवान श्रीराम जी से की। यह जानकारी देते हुए मंदिर न्यास के पुजारी पंडित बाबू राम शर्मा ने बताया कि हनुमान मंदिर में श्री राम नवमीं पर्व पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत बड़े हवन कुंड में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया और लोगों ने विधिवत पूजा अचर्ना कर इसमें आहुतियां डाली। उन्होंने बताया कि हवन यज्ञ के बाद प्रसाद भी बांटा गया। पंडित बाबू राम शर्मा ने बताया कि आगामी दो अप्रैल को मंदिर परिसर में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन भी बड़ी धूमधाम से किया जाएगा।

जिसमें मंदिर न्यास और जनता के सहयोग से भंडारे का आयोजन भी होगा। उन्होंने सभी धर्म प्रेमियों से इस भक्तिमय समागम में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आग्रह किया।

# डीसी बिलासपुर राहुल कुमार ने किया विशिष्ट दानकर्ता सम्मान योजना का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**



**बिलासपुर।** मन्दिर न्यास श्री नयना देवी जी द्वारा मन्दिर के विकास, संचालन एवं धर्मार्थ गतिविधियों में योगदान देने वाले दानकर्ताओं के सम्मान हेतु विशिष्ट दानकर्ता सम्मान योजना की शुरुआत की है। इस योजना का शुभारंभ उपायुक्त राहुल कुमार ने किया। इससे पूर्व उपायुक्त राहुल कुमार ने नयना देवी मंदिर में विधिवत पूजा.अर्चना की। इस अवसर पर उनके साथ अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर, एसडीएम धर्म पाल तथा मंदिर न्यास अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि यह योजना मन्दिर के समग्र विकासए श्रद्धालुओं की सुविधाओं में वृद्धि तथा सामाजिक एवं धर्मार्थ कार्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने श्रद्धालुओं एवं दानकर्ताओं से इस योजना में बढ़.चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। इस योजना के अंतर्गत दानकर्ताओं को उनके संचयी अथवा वार्षिक योगदान के आधार पर तीन श्रेणियों वर्गीकृत किया गया है। दान नकद चेक के अतिरिक्त भौतिक निर्माण कार्यों के रूप में भी स्वीकार किए जाएंगे, जिनका मूल्यांकन न्यास के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा। योजना के अंतर्गत पंजीकृत दानकर्ताओं को विभिन्न विशेष सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, जिनमें प्रमुख पर्वों एवं अनुष्ठानों में पूजा की प्राथमिकता, गर्भगृह के निकट आरक्षित स्थान, विशेष प्रसाद, वीआईपी प्रवेश, आरक्षित पार्किंग तथा डिजिटल फिजिकल प्रिविलेज कार्ड शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, दानकर्ताओं का नाम एवं चित्र वार्षिक पत्रिका एवं वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा तथा उन्हें सम्मान पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

संग्रहित धनराशि का उपयोग निर्धन बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं, लंगर व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, गौ.सेवा तथा बुजुर्गों एवं दिव्यांगों के लिए सुविधाजनक बुनियादी ढांचे के निर्माण में किया जाएगा। उन्होंने मंदिर में चल रहे विकासात्मक कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु रैंप की व्यवस्था की गई है, जिससे इस बार बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को लाभ मिला है। मंदिर परिसर में बायोगैस प्लांट तैयार हो चुका है,

# कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में वॉलीबॉल सिटी लीग शुरू

**कसौली (विशाल):** कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल (किपस) सनवारा द्वारा 27 से 28 मार्च 2026 तक स्कूल परिसर में साई अस्मिता खेलो इंडिया : एम्पावरिंग वीमेन थ्रू वॉलीबॉल सिटी लीग का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को खेलों के माध्यम से सशक्त बनाना और वॉलीबॉल में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक हीरा ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं रखा गया है और न ही आयु की कोई सीमा निर्धारित की गई है। सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। इस आयोजन में क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों को आमंत्रित किया गया है।

# बिलासपुर सीनियर क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल 29 को लुहणू मैदान में: विशाल जगोता

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**



**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोशिएशन के तत्वावधान में आगामी अप्रैल महीने में होने जा रही सीनियर (बालक) क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए बिलासपुर टीम का चयन 29 मार्च रविवार को किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए बिलासपुर क्रिकेट संघ के सचिव विशाल जगोता ने बताया कि आगामी वीरवार को चयन प्रक्रिया लुहणू क्रिकेट मैदान के प्रैक्टिस एरिया में 12 बजे शुरू हो जाएगी। उन्होंने बताया कि इस चयन प्रक्रिया में चीफ कन्वीनर उमेश गौतम जबकि कन्वीनर आरके रघु और चयनकर्ताओं में आशीष कपिल, जितेंद्र ठाकुर, विनेंद्र डोगरा और विशाल रतवान को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि बिलासपुर सीनियर क्रिकेट टीम अपना पहला मैच 10 अप्रैल को ऊना में कुल्लु के साथ खेलेगी। उन्होंने सभी इच्छुक खिलाड़ियों से आग्रह किया है कि वे 29 मार्च को 12 बजे से पहले लुहणू मैदान में रिपोर्ट करें

# पहले ही महंगाई की मार झेल रहे लोगों पर पड़ेगा फ्यूल के रेटों का अतिरिक्त बोझ : डा बिंदल

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**



**नाहन।** हिमाचल प्रदेश में महंगाई को लेकर एक बार फिर चिंता बढ़ती नजर आ रही है। दरअसल, प्रदेश सरकार पेट्रोल और डीजल पर सेस लगाने की तैयारी में है। ऐसे में इसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ने वाला है जिसे लेकरता में नाराजगी देखी जा रही है। सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में हिमाचल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डा राजीव बिंदल ने बताया कि हिमाचल सरकार दोनों ईंधनों पर करीब पांच-पांच रुपए प्रति लीटर तक बढ़ोतरी करने जा रही है और अगर ऐसा होता है, तो इसका सीधा असर आम जनजीवन पर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि ईंधन महंगा होने के साथ ही परिवहन लागत बढ़ेगी और इसका असर रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर भी देखने को मिलेगा। सब्जियों से लेकर राशन और अन्य जरूरी सामान तक, हर चीज महंगी हो सकती है। वहीं, पहले से महंगाई की मार झेल रहे लोगों के लिए यह फैसला अतिरिक्त बोझ साबित होगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार को इस फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए। ताकि आम आदमी को राहत मिल सके।

# पांवटा साहिब के देवी नगर में नकाबपोश हमलावरों का हमला, घर में घुसकर तोड़फोड़, कई घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**



**नाहन।** देवी नगर, वार्ड नंबर 10 में करीब 15 नकाबपोश व्यक्तियों द्वारा एक मकान में प्रवेश कर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। हमलावर डंडों, लोहे की रॉड और तलवारों के साथ पहुंचे थे। घटना के दौरान घर में मौजूद व्यक्तियों को चोटें आई हैं। पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में दर्ज हुई है, जिसमें हमलावरों की गतिविधियां देखी जा सकती हैं। हमलावरों द्वारा घर की खिड़कियों, दरवाजों और बाहर खड़े वाहनों को नुकसान पहुंचाया गया। इस घटना में जावेद अली के परिवार को प्रभावित किया गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मामले में अभिषेक, आशिक उर्फ काका और साहिदा के नाम सामने आए हैं। मामले में आपसी विवाद के साथ अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई। डीएसपी पांवटा साहिब मानवेन्द्र ठाकुर ने बताया कि घायलों का मेडिकल परीक्षण करवा लिया गया है और साक्ष्यों के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि संदिग्धों की तलाश के लिए विभिन्न स्थानों पर दबिश दी जा रही है और जांच प्रक्रिया जारी है। घटना के बाद क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस गश्त बढ़ाई गई है। प्रशासन द्वारा स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

# इतिहास को रखें याद और भविष्य की करें बात; भारत में खोये हिस्सों पर बोले आशुतोष भटनागर

**टीम एक्शन इंडिया**



**धर्मशाला।** भारत का मूल स्वभाव संघर्ष का नहीं है, किंतु जब जरूरी हो तो वह करना होगा। भारत विभाजन के कारण जम्मू-कश्मीर के छिने हुए हिस्सों को वापस पाने को लेकर ये बातें जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र के निदेशक आशुतोष भटनागर ने कहीं। दिल्ली से आए वक्ता ने केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के कश्मीर अध्ययन केंद्र की ओर से आयोजित संगोष्ठी में जम्मू-कश्मीर और विभाजन से जुड़े कई विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब हम भूगोल की बात करते हैं तो उससे रिश्ता भी याद रखना होगा। क्या हम जानते हैं कि हिंदुकुश पर्वत या फिर शिवालिक से हमारा क्या रिश्ता है। यदि हम कब्जा हुए क्षेत्रों को वापस पाना चाहते हैं तो वहां के लोग भी हमारे हैं। उन्होंने कहा कि यदि भारत विभाजन नहीं होता तो क्या ये लोग हमारे साथ नहीं होते। आशुतोष भटनागर ने कहा कि यदि ऐसा ही है तो फिर हमें अखंड भारत की बात क्यों करनी है। अखंड भारत तो उसके लोगों के साथ ही बनेगा। यही नहीं उन्होंने कहा कि भारत की बात पाकिस्तान और बांग्लादेश तक ही सीमित नहीं बल्कि पूरा सांस्कृतिक क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि समाज सब जगह एक सा नहीं है। कश्मीर में भी ऐसा नहीं है। यह समझ कर हम बात करेंगे, तभी विषय की सही समझ विकसित होगी। यही नहीं उन्होंने कहा कि इतिहास को समझने की जरूरत है, लेकिन उसमें जीने से भी काम नहीं चलेगा

# कला, अभिव्यक्ति और बदलाव का माध्यम-थिएटर



सुनील कुमार महला

"ओटीटी प्लेटफॉर्म और डिजिटल माध्यमों के बढ़ते प्रभाव ने पारंपरिक सिनेमा और थिएटर को चुनौती भी दी है, फिर भी रंगमंच अपनी जीवंतता और प्रत्यक्ष संवाद के कारण आज भी विशिष्ट स्थान रखता है। अंत में निष्कर्ष के तौर पर यही कहूंगा कि विश्व रंगमंच दिवस यह संदेश देता है कि रंगमंच केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि समाज का दर्पण, संस्कृति का संवाहक और विचारों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। नाट्य शास्त्र से लेकर आधुनिक प्रयोगधर्मी रंगमंच तक इसकी यात्रा निरंतर विकास की कहानी है"

**हर वर्ष** 27 मार्च को विश्व रंगमंच दिवस (वर्ल्ड थिएटर डे) मनाया जाता है। वास्तव में,इसकी शुरूआत वर्ष 1961 में इंटरनेशनल थिएटर इंस्टीट्यूट (आइटीआइ) द्वारा की गई थी, जो यूनेस्को से जुड़ा एक प्रमुख सांस्कृतिक संगठन है।पाठक जानते होंगे कि रंगमंच(थिएटर)को समाज का दर्पण कहा जाता है, क्योंकि यह केवल मनोरंजन का ही साधन नहीं है, बल्कि यह विचार, संवेदना और सामाजिक परिवर्तन का प्रभावी माध्यम है।सच तो यह है कि थिएटर लोगों को सोचने, महसूस करने और बदलाव की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। यह विभिन्न देशों की संस्कृतियों, वहां के लोगों के विचारों और उनके संघर्षों को समझने में सहायता करता है तथा वैश्विक तनाव, युद्ध और सामाजिक विभाजन के दौर में मानवता को जोड़ने वाली कला के रूप में कार्य करता है। साथ ही, यह शिक्षा, साक्षरता, संवाद, सहिष्णुता और शांति को बढ़ावा देता है।सरल शब्दों में कहें तो 'रंगमंच' वह मंच है, जहाँ अभिनय, संवाद, संगीत, नृत्य और भाव-भंगिमाओं के माध्यम से किसी कथा या विचार को जीवंत रूप दिया जाता है। अर्थात यह साहित्य, कला और समाज का अनूठा संगम है। रंगमंच के महत्व के बारे में समझाते हुए अंग्रेजी भाषा के महान नाटककार विलियम शेक्सपियर ने प्रसिद्ध नाटक 'ऐज यू लाइक इट' में यह बात कही थी कि-'सारी दुनिया एक रंगमंच है, और सभी स्त्री-पुरुष केवल पात्र हैं।' वास्तव में, इस विचार के माध्यम से शेक्सपियर बताते हैं कि पूरा संसार एक रंगमंच के समान है, जहाँ हर व्यक्ति एक अभिनेता की तरह अपनी-अपनी भूमिकाएँ निभाता है। जीवन के अलग-अलग चरण-बचपन, युवावस्था, प्रौढ़ावस्था और बुढ़ापा-मानो किसी नाटक के विभिन्न दृश्य हैं, जिनमें इंसान समय के अनुसार अपने किरदार बदलता रहता है। इस प्रकार रंगमंच केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि मानव जीवन और समाज का सजीव प्रतिबिंब भी है। भारतीय रंगमंच के इतिहास की यदि हम यहां पर बात करें तो भारतीय रंगमंच का इतिहास अत्यंत प्राचीन, समृद्ध और बहुआयामी है, जिसकी जड़ें वैदिक काल तक जाती हैं।




उस समय यज्ञ, मंत्र, सामगान और धार्मिक अनुष्ठानों में संवाद, अभिनय, संगीत और नृत्य के प्रारंभिक रूप दिखाई देते हैं। इस परंपरा को व्यवस्थित स्वरूप देने का श्रेय भरतमुनि को जाता है, जिन्होंने नाट्य शास्त्र की रचना की। पाठकों को बताता चलूं कि यह ग्रंथ अभिनय (आंगिक, वाचिक, आहार्य, सात्त्विक), रंगमंच संरचना, संगीत, नृत्य और 'रस सिद्धांत' का विस्तृत विवेचन करता है।इसके बाद संस्कृत नाटकों का स्वर्णकाल आया, जिसमें कालिदास, भास और शूद्रक जैसे नाटककारों ने अभिज्ञानशाकुंतलम्, स्वप्नवासवदत्तम् और मृच्छकटिकम् जैसे महान नाटकों की रचना की। वास्तव में, इन रचनाओं में प्रेम, प्रकृति, नीति और मानवीय भावनाओं का सुंदर चित्रण मिलता है।मध्यकाल में रंगमंच(थिएटर) लोकजीवन से जुड़ गया और रामलीला, रासलीला, नौटंकी, यक्षगान और जत्रा जैसे लोकनाट्य विकसित हुए। इसी समय कथकली, कुचिपुड़ी और भरतनाट्यम जैसी नृत्य-नाट्य परंपराएँ भी विकसित हुईं, जिनमें वेशभूषा, मुखाभिनय और मुद्राओं के माध्यम से कथा प्रस्तुत की जाती है।आधुनिक काल में, विशेषकर ब्रिटिश शासन के दौरान, पाश्चात्य रंगशैली का प्रभाव पड़ा। इस दौर में यथार्थवाद, सामाजिक आलोचना और प्रयोगधर्मिता बढ़ी। उल्लेखनीय है कि हबीब तनवीर, विजय तेंदुलकर और गिरीश कर्नाड जैसे रंगकर्मियों ने सामाजिक, राजनीतिक और मानवीय मुद्दों को मंच पर प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस प्रकार भारतीय रंगमंच ने वैदिक परंपरा से लेकर आधुनिक प्रयोगधर्मी रूप तक लंबी यात्रा तय की है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य रंगमंच और कलाकारों के महत्व को समझाना और बढ़ावा देना है। वास्तव में इस दिवस को मनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य क्रमशः रंगमंच कला के प्रति जागरूकता फैलाना, विभिन्न कलाकारों, लेखकों और तकनीकी कर्मियों के योगदान को सम्मान देना, सांस्कृतिक विविधता और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना तथा सामाजिक, राजनीतिक और मानवीय मुद्दों पर संवाद स्थापित करना है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि वर्ष 2025 की थीम-'थिएटर और शांति की संस्कृति' रखी गई थी।इसका अर्थ है कि थिएटर के माध्यम से शांति, सह-अस्तित्व और संवाद को बढ़ावा देना। इस वर्ष यानी कि वर्ष 2026 में इसका मुख्य फोकस वैश्विक सहभागिता और सांस्कृतिक संवाद पर रहा है। यहां यह भी गौरतलब है कि वर्ष 2026 में विश्व रंगमंच दिवस का 64वाँ आयोजन 25-27 मार्च के बीच लक्जमबर्ग शहर में किया गया। यह आयोजन आइटीआइ के जनरल सेक्रेटेरिएट और लक्जमबर्ग सेंटर के सहयोग से थिएटर फेडरेशन के साथ आयोजित किया गया। उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह कार्यक्रम मंच(प्रदर्शन)कला दिवस के अंतर्गत हुआ और थिएटर फेडरेशन की 30वीं वर्षगांठ भी इसी दौरान मनाई गई। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष का आधिकारिक संदेश प्रसिद्ध अमेरिकी अभिनेता विलेम डेफो द्वारा लिखा गया, जिन्हें चार बार अकादमी अवार्ड्स के लिए नामांकन मिला है तथा वर्ष 2018 में वेनिस फि ल्म महोत्सव में कोप्पा वोल्पी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पाठकों को बताता चलूं कि आइटीआइ की स्थापना 1948 में हुई थी और इसका मुख्यालय पेरिस में स्थित है। इसके विश्वभर में 85 से अधिक केंद्र हैं। विश्व रंगमंच दिवस पर हर वर्ष एक प्रतिष्ठित कलाकार द्वारा संदेश दिया जाता है तथा वर्ष 1962 में पहला संदेश जीन कोक्टो ने दिया था। वर्ष 2002 में भारत के गिरीश कर्नाड को यह सम्मान मिला,जो महान नाटककार रहे हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि यह संदेश 50 से अधिक भाषाओं में अनुवादित किया जाता है।कहा जाता है कि महान् कवि/लेखक कालिदास ने ह्यमेघदूतह्न की रचना भारत की पहली नाट्यशाला में की थी, जो छत्तीसगढ़ के रामगढ़ पहाड़ (अंबिकापुर क्षेत्र) में स्थित मानी जाती है। हमारे पुराणों में भी यम, यमी और उर्वशी जैसे पात्रों के संवादों में नाट्य तत्वों के प्रारंभिक संकेत मिलते हैं।भारतीय रंगमंच में नृत्य और नाटक का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। आज रंगमंच का प्रभाव फिल्मों, वेब-सीरीज और डिजिटल माध्यमों में भी देखा जा सकता है। थिएटर ने कई सच्ची घटनाओं और सामाजिक मुद्दों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया है। भारत में फिल्मों का व्यापक प्रभाव है। पाठक जानते होंगे कि साल 1957 में मदर इंडिया, 1988 में सलाम बॉम्बे तथा 2001 में लगान जैसी फिल्मों को प्रतिष्ठित ऑस्कर के लिए नामांकित किया गया था।

हालाँकि, ओटीटी प्लेटफॉर्म और डिजिटल माध्यमों के बढ़ते प्रभाव ने पारंपरिक सिनेमा और थिएटर को चुनौती भी दी है, फिर भी रंगमंच अपनी जीवंतता और प्रत्यक्ष संवाद के कारण आज भी विशिष्ट स्थान रखता है। अंत में निष्कर्ष के तौर पर यही कहूंगा कि विश्व रंगमंच दिवस यह संदेश देता है कि रंगमंच केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि समाज का दर्पण, संस्कृति का संवाहक और विचारों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। नाट्य शास्त्र से लेकर आधुनिक प्रयोगधर्मी रंगमंच तक इसकी यात्रा निरंतर विकास की कहानी है।

## संपादकीय

# निजी स्कूलों की महंगी फीस, बड़े दावे और हकीकत

**आज** के दौर में शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का साधन नहीं रह गई है, बल्कि यह एक तेजी से बढ़ता हुआ व्यवसाय भी बन चुकी है। शहरों से लेकर छोटे कस्बों तक, निजी स्कूलों की संख्या लगातार बढ़ रही है और उनके साथ-साथ बढ़ रही है उनके प्रचार-प्रसार की रणनीतियाँ। अखबारों, होर्डिंग्स, सोशल मीडिया और यहां तक कि स्थानीय कार्यक्रमों में भी स्कूलों के आकर्षक विज्ञापन देखने को मिलते हैं। हर स्कूल अपने आप को ह्लसर्वश्रेष्ठह्व, ह्लभविष्य निमार्ताह्व और सफलता की गारंटी देने वाला संस्थान बताता है। लेकिन असली सवाल यह है कि क्या ये दावे वास्तविकता से मेल खाते हैं, या फिर यह केवल अभिभावकों की उम्मीदों और भावनाओं का लाभ उठाने का एक तरीका है? आज का अभिभावक पहले से कहीं अधिक जागरूक है, लेकिन साथ ही वह अपने बच्चों के भविष्य को लेकर उतना ही चिंतित भी है। वह चाहता है कि उसका बच्चा एक अच्छे स्कूल में पढ़े, बेहतर सुविधाएं प्राप्त करे और जीवन में आगे बढ़े। इसी सोच के चलते वह अक्सर अपनी आय से अधिक खर्च करने के लिए भी तैयार हो जाता है। कई परिवार ऐसे हैं जो अपनी जरूरतों में कटौती करके, कर्ज लेकर या अतिरिक्त काम करके बच्चों की फीस भरते हैं। उनके मन में यह विश्वास होता है कि महंगे स्कूल में पढ़ाई का मतलब है बेहतर शिक्षा और निश्चित सफलता। निजी स्कूल इसी मनोविज्ञान को समझते हैं और अपने प्रचार में इसका भरपूर उपयोग करते हैं। वे अपने कैंपस, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्मार्ट क्लासरूम, एयर-कंडीशंड सुविधाओं, खेल गतिविधियों और अन्य आधुनिक संसाधनों को प्रमुखता से दिखाते हैं। इसके साथ ही, वे प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे मेडिकल, इंजीनियरिंग, कानून और रक्षा सेवाओं में सफलता के बड़े-बड़े दावे भी करते हैं। कई बार विज्ञापनों में कुछ चुनिंदा छात्रों की उपलब्धियों को इस तरह प्रस्तुत किया जाता है, जैसे वह पूरे स्कूल के स्तर को दशार्ती हों। लेकिन जब हम इन दावों को गहराई से परखते हैं, तो एक अलग ही तस्वीर सामने आती है। वास्तविकता यह है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता का प्रतिशत बहुत कम होता है। चाहे वह मेडिकल प्रवेश परीक्षा हो, इंजीनियरिंग की प्रतिष्ठित परीक्षाएं हों, या फिर कानून और रक्षा सेवाओं से जुड़ी परीक्षाएं–इनमें सफल होने वाले छात्रों की संख्या अक्सर सीमित होती है। कई बार तो पूरे साल में गिने-चुने छात्र ही इन परीक्षाओं को पास कर पाते हैं। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या स्कूल द्वारा किए गए दावे वास्तविकता के अनुरूप हैं? यह भी एक महत्वपूर्ण तथ्य है कि इन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी केवल स्कूल की पढ़ाई के आधार पर संभव नहीं होती। अधिकतर छात्र अलग से कोचिंग संस्थानों का सहारा लेते हैं, जहां उन्हें विशेष रूप से इन परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाता है। वे अतिरिक्त समय, मेहनत और संसाधन लगाते हैं। ऐसे में


**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून


# मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय–हक या केवल सपना?

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

भारत का लोकतंत्र विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में अपनी पहचान रखता है। यह केवल एक राजनीतिक व्यवस्था नहीं, बल्कि करोड़ों नागरिकों की आकांक्षाओं, अधिकारों और सपनों का प्रतिबिंब है। संविधान ने हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का वादा किया है, लेकिन यह सवाल आज भी हमारे सामने खड़ा है कि क्या यह वादा वास्तव में हर नागरिक तक समान रूप से पहुँच पाया है? क्या आज भी एक गरीब और एक अमीर व्यक्ति के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय की सुविधाएँ बराबर हैं? यदि नहीं, तो यह स्वीकार करना होगा कि हमारा लोकतंत्र अभी भी अधूरा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में हाल के वर्षों में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिला है। दवाइयों को ब्रांड के बजाय ह्लसाल्टह्व के आधार पर उपलब्ध कराने की पहल ने यह साबित किया है कि सही नीति और नीयत के साथ आम जनता को बड़ी राहत दी जा सकती है। सस्ती दवाइयाँ केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का माध्यम बनती हैं।

यह एक उदाहरण है कि जब सरकार समानता को केंद्र में रखकर काम करती है, तो बदलाव संभव है। यही सोच यदि शिक्षा और न्याय जैसे क्षेत्रों में भी लागू की जाए, तो देश की तस्वीर बदल सकती है। शिक्षा आज के समय में केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक उन्नति का सबसे बड़ा साधन है। लेकिन दुर्भाग्य से भारत में शिक्षा की व्यवस्था दो भागों में बंटी हुई है–एक ओर महंगे निजी स्कूल और संस्थान हैं, जहाँ विश्वस्तरीय सुविधाएँ और संसाधन उपलब्ध हैं, और दूसरी ओर सरकारी स्कूल हैं, जहाँ कई जगह बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। यह विभाजन केवल संस्थानों का नहीं, बल्कि अवसरों का विभाजन है। एक अमीर परिवार का बच्चा जिस स्तर की शिक्षा प्राप्त करता है, वह एक गरीब परिवार के बच्चे के लिए अक्सर एक सपना बनकर रह जाता है।

ऐसी स्थिति में यह विचार स्वाभाविक रूप से सामने आता है कि क्यों न पूरे देश में एक समान शिक्षा प्रणाली लागू की जाए। एक ऐसा ढांचा, जहाँ हर कक्षा के लिए एक जैसी किताबें हों, एक जैसा पाठ्यक्रम हो और हर बच्चे को समान अवसर मिले। इससे शिक्षा के स्तर में संतुलन आ सकता है और प्रतियोगी परीक्षाओं में भी एक समान आधार तैयार हो सकता है।

यह व्यवस्था न केवल सामाजिक समानता को बढ़ावा देगी, बल्कि देश की प्रतिभाओं को भी एक समान मंच प्रदान करेगी। हालाँकि, यह भी समझना आवश्यक है कि भारत की विविधता इतनी व्यापक है कि पूरी तरह एकरूप शिक्षा प्रणाली लागू करना सरल नहीं है। अलग-अलग राज्यों की भाषाएँ, संस्कृतियाँ और स्थानीय आवश्यकताएँ हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

## विचार

# सारा संसार रंगमंच है और हम सब हैं महज कलाकार

**ऋतुपर्ण दवे**

**वास्तव** में रंगमंच जीवंत कला को समझने-सम्मानित करने का एक अवसर होता है। विश्व रंगमंच दिवस की शुरूआत 1961 में अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संस्थान(आईटीआई) द्वारा की गई और 27 मार्च 1962 को पेरिस में "थिएटर ऑफ नेशंस" सत्र के उद्घाटन के साथ मनाया गया। तभी से इस दिन को विश्वभर में विभिन्न कार्यक्रमों, प्रस्तुतियों, वाताओं और अन्य गतिविधियों के साथ मनाया जाने लगा। नाटक-अभिनय हर संस्कृति का अहम हिस्सा होते हैं। ये वैश्विक स्तर पर समाज और रंगमंच के गहरे प्रभाव की न केवल याद दिलाते हैं बल्कि रंगमंचीय कलात्मकता और रचनात्मकता का जश्न भी मनाते हैं। यह एक ऐसा अवसर और कला का प्रदर्शन है जिससे समाज में सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व भी सामने आते हैं। दुनिया भर में इस मौके पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नाट्य कार्यक्रम आयोजित होते हैं। इसी कड़ी में सबसे खास विश्व रंगमंच दिवस के संदेश का प्रसार होता है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संस्थान के बुलावे पर वैश्विक हस्तियां रंगमंच और शांति की संस्कृति विषय पर अपने विचार साझा करती हैं। इस आयोजन की शुरूआत करते हुए पहला विश्व रंगमंच दिवस संदेश 1962 में जीन कोक्ट्यू जो प्रख्यात फ्रांसीसी लेखक, नाटककार और निर्देशक थे, उनके द्वारा लिखा गया। हर वर्ष, थिएटर समुदाय में एक प्रतिष्ठित व्यक्ति को अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संस्थान द्वारा विश्व रंगमंच दिवस संदेश की रचना हेतु चुना जाता है, जो ह्यरंगमंच और शांति की संस्कृतिह्न यानी थिएटर एंड ए कल्चर ऑफ पीस की थीम पर आधारित होता है। रंगमंच की खूबसूरती इसी में है कि यह कल्पनाओं पर आधारित न होकर समाज में घटित घटनाओं, मानव भावनाओं और जीवन संघर्षों को प्रभावी ढंग से दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत करता है। रंगमंच यानी थिएटर केवल मनोरंजन ही नहीं बल्कि उससे कहीं अधिक है। यह अभिव्यक्ति का प्रभावी और सशक्त जरिया है जो इंसानी अनुभवों और भावनाओं की विविधता को दशार्ता है। इसके जरिए प्राचीन ग्रीक त्रासदियों से अब तक तमाम प्रस्तुतियों का मंचन कर लगातार रंगमंच निखरता रहा है। सच कहें तो पीढ़ियों और संस्कृतियों के दर्शकों के हृदय को यही तो छूता है! दरअसल यह अपनी कहानी कहने का भी मंच प्रदान करता है। अवसर कुछ ऐसा होता है जिसमें व्यक्ति जटिल से जटिल विषयों का अन्वेषण कर, चिंतन के लिए बढ़ सकता है। परिवर्तन की प्रेरणा को साकार मूर्त रूप देने का भी यह अवसर होता है। चाहे समाज में जागरूकता बढ़ाना हो या अंधविश्वास उजागर करना, इन सारे महत्वपूर्ण विषयों में थिएटर की भूमिका अहम होती है। कला के जरिए प्रोत्साहन का इससे बेहतर अवसर और मंच की आवश्यक्ता को यह सिध्द करता है। कार्यशालाओं, प्रदर्शनों और चचाओं के जरिए एक दूसरे की भाषा से अनभिज्ञ दुनिया भर के लोग रंगमंच के जादू और इसकी परिवर्तनकारी क्षमता का जश्न मनाते एक साथ आकर भाषा न समझे लेकिन, भावनाओं को समझते हैं। सच कहें तो रंगमंच न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करता है, बल्कि आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भागीदार होता है। रोजगार सृजन से लेकर पर्यटन के आकर्षण और आर्थिक विकास को गति देने में रंगमंच उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता। इसके अलावा, रंगमंच रचनात्मक, आलोचनात्मक सोच और सहानुभूति को बढ़ावा देता है, जो व्यक्तिगत और सामाजिक विकास के लिए आवश्यक कौशल है। सांस्कृतिक आदान-प्रदान और संवाद को बढ़ावा देकर, रंगमंच विभिन्न पृष्ठभूमियों के व्यक्तियों के बीच दूरियों को कम करता है और समझ को बढ़ाता है। यह सहयोग और समन्वय भी प्रोत्साहित करता है, जिससे समुदाय और अपनेपन की भावना विकसित होती है। रंगमंच महज मनोरंजन का साधन न होकर समाज का आईना भी है। जिसमें हमें, हमारी छवि साफ दिखती है। इसके जरिए समाज की हकीकत भी सामने आती हैं। मंच पर प्रस्तुत सारी कहानियां, संवाद और अभिनय कहीं न कहीं हमारे वास्तविक जीवन की किसी न किसी सच्चाई को प्रतिबिंबित करते हैं। इसका जरिया कुछ भी हो सकता है। चाहे ग्रीक ट्रैजेडी हो, कॉमेडी या फिर लोकनाट्य या फिर हमारा मौजूदा थिएटर सबका मकसद एक ही होता है कि किस प्रकार समाज को जागरूक करें।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन इंडिया कार्यालय, कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश–174303 से प्रकाशित एवं अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर–29डी, चंडीगढ़ से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : पंकज शर्मा ( 9418026789)
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला– 171001
एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश–174303



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच–पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## आलेख

# खेल व खिलाड़ियों में भाव परिवर्तन

**डॉ विजय गर्ग**

**खेल** केवल शारीरिक गतिविधि नहीं, बल्कि मानसिकता, भावनाओं और व्यक्तित्व के विकास का भी सशक्त माध्यम है। समय के साथ खेलों और खिलाड़ियों के दृष्टिकोण में बड़ा परिवर्तन आया है। पहले जहाँ खेलों को मनोरंजन और स्वास्थ्य तक सीमित माना जाता था, वहीं आज यह पेशा, पहचान और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बन चुका है।

**पारंपरिक भावनाएँ और खेल भावना**

पुराने समय में खेलों का मुख्य उद्देश्य आनंद, टीम भावना और शारीरिक फिटनेस था। खिलाड़ी खेल को एक शौक के रूप में अपनाते थे और खेल भावना सर्वोपरि होती थी। जीत-हार को समान भाव से स्वीकार करना, विरोधी का सम्मान करना और नियमों का पालन करना खेल की मूल भावना मानी जाती थी।

**आधुनिक युग में बदलाव**

आज खेलों का स्वरूप पूरी तरह बदल गया है। व्यावसायिकता, मीडिया और तकनीक के प्रभाव से खेल एक बड़े उद्योग में बदल चुके हैं। ओलंपिक खेल, इंडियन प्रीमियर लीग जैसे आयोजनों ने खिलाड़ियों को वैश्विक पहचान दी है।

अब खिलाड़ी केवल खेल नहीं खेलते, बल्कि ब्रांड एंबेसडर, प्रेरणा स्रोत और आर्थिक शक्ति भी बन गए हैं।

**भावनात्मक परिवर्तन**

इस बदलाव के साथ खिलाड़ियों की भावनाओं में भी परिवर्तन आया है। पहले जहाँ संतोष और सादगी प्रमुख थी, वहीं अब प्रतिस्पर्धा, दबाव और सफलता की तीव्र इच्छा बढ़ गई है। आज का खिलाड़ी मानसिक रूप से अधिक सशक्त होना चाहता है, क्योंकि उसे न केवल मैदान में बल्कि सोशल मीडिया और जन अपेक्षाओं के दबाव का भी सामना करना पड़ता है।

**प्रेरणादायक उदाहरण**

सचिन तेंदुलकर ने अपने अनुशासन और विनम्रता से खेल भावना का आदर्श प्रस्तुत किया, जबकि नीरज चोपड़ा ने आधुनिक युग में समर्पण और आत्मविश्वास का नया उदाहरण स्थापित किया। इन खिलाड़ियों ने दिखाया कि बदलते समय में भी मूल भावनाओं को बनाए रखना संभव है।

# राजाओं को राजनीति सिखाने के लिए अवतरित हुए थे प्रभु श्रीराम

**मुकेश**

**दुनिया** में ईश्वर के बहुत से अवतार हुए, वैष्णव परम्परा में अभी तक तेईस अवतार हो चुके हैं लेकिन सिर्फ श्रीराम को ही राजा राम कहा गया और आज भी उन्हें एक आदर्श राजा माना जाता है और किसी भी अच्छी राज व्यवस्था को "रामराज"कहा जाता है। असल में श्रीराम का अवतार ही राजाओं को राजनीति सिखाने के लिए हुआ था ।एक आदर्श राजा कैसा होता है या राजा कैसा होना चाहिए यह श्री राम ने ही बताया अपने विचारों से भी और जीवन से भी। श्री राम ने अपने जीवन काल में आम इंसान के अपराध को भले ही क्षमा कर भी दिया हो लेकिन उन्होंने राजाओं के अपराध को कभी क्षमा नहीं किया। वे राजा और राजपरिवार के महत्व को बहुत अच्छे से जानते थे इसलिए राजा और राजपरिवार को मयार्दा और गरिमा बनाए रखने की शिक्षा देते रहे। इस क्रम में वे स्वयं अपनी पत्नी और लक्ष्मण जैसे भाई का त्याग करने से भी नहीं चूके। वे जानते थे यदि राजा और राजपरिवार नियम से नहीं चलेगा तो प्रजा भी अनुशासित नहीं रह सकेगी। इसीलिए निष्पाप होने के बाद भी उन्होंने सीता जी का त्याग किया ताकि प्रजा में स्त्रियां दूषित न हो जाएँ ,एक सबसे कमजोर और निचले तबके के अकेले व्यक्ति द्वारा जताए अविश्वास को भी उन्होंने इतनी गंभीरता से लिया जितना आज सारी जनता के आरोप को भी नेता लोग गंभीरता से नहीं लेते और भ्रष्ट होने के बाद भी अपने मंत्री या पार्टी पदाधिकारियों को पद से नहीं हटाते। आम तौर पर सीता जी के त्याग की आलोचना बहुत होती है लेकिन श्री राम के लिए प्रजा का विश्वास ज्यादा महत्वपूर्ण था, उनका मानना था कि प्रजा में एक व्यक्ति भी यदि राजा से असंतुष्ट है तो राजा को राजा के पद पर रहने का अधिकार नहीं है,इसीलिए जब उन्हें गुप्तचर सूचना देते हैं कि प्रजा सीता माता को वापस लाने पर सहमत हो गई है अतः आप उनको वापस बुला लें तब श्रीराम एक सवाल गुप्तचर से पूछते हैं कि सारी प्रजा सहमत है? तब गुप्तचर कहता है कि सिर्फ तीन चार व्यक्ति सहमत नहीं हैं तब श्रीराम कहते हैं कि "यदि एक भी व्यक्ति असहमत है तो भी इसको प्रजा का समर्थन नहीं माना जा सकता।

# बिहारः नालंदा जिले में विकासात्मक योजनाओं का मुख्यमंत्री ने लिया जायजा

**विकासात्मक**

**मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के क्रम में नालंदा जिले में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**बिहारशरीफ।** मुख्यमंत्री ने गुरुवार को समृद्धि यात्रा के क्रम में नालंदा जिले में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली और कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने बिहारशरीफ-रांची रोड के भरावपर में 84.61 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित फ्लाईओवर (1620 मी0) का शिलापट्ट अनावरण कर लोकार्पण किया। लोकार्पण के पश्चात मुख्यमंत्री ने इस फ्लाईओवर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहारशरीफवासियों की बहुत पहले से मांग थी जो आज पूरी हो गयी। इसके निर्माण से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी और यहां की यातायात व्यवस्था सुगम होगी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री कोसुक ग्राम स्थित कोसुक रिवर फ्रंट कार्य स्थल पर पहुंचे एवं पंचाने नदी में पक्का सुरक्षात्मक कार्य एवं रिवर फ्रंट विकास कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बिहारशरीफ प्रखंड अंतर्गत ग्राम कोसुक से सिपाह पुल के बीच में पंचाने नदी के तट विकास एवं पक्का सुरक्षात्मक कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।

## समृद्धि यात्रा के दौरान नालंदा दौरे मुख्यमंत्री ने दिया 810 करोड़ की योजनाओं की सौगात

**बिहारशरीफ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी महत्वाकांक्षी समृद्धि यात्रा के तहत आज गुरुवार को अपने गृह जिला नालंदा के दौरे पर आगमन हुआ। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पूरे जिले में उत्साह का माहौल रहा, वहीं जिला प्रशासन ने सुरक्षा और स्वागत की सभी तैयारियों के साथ सजग दिखे। इस दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने नालंदा को 810 करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं की बड़ी सौगात दिया। मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए शहर की सूरत बदली नजर आ रही थी। प्रमुख सड़कों की मरम्मत, रंग-रोगन और सौंदर्यीकरण का कार्य



युद्धस्तर पर पूरा किया गया है। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत द्वार बनाए गए थे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री सुबह करीब 10 :30 बजे हेलीकॉप्टर से बिहारशरीफ पहुंचें। उनके लिए नालंदा कॉलेज और सोगरा हाई स्कूल मैदान में विशेष हेलीपैड बनाए गए थे।

यहां से वे सड़क मार्ग से पुराना रांची रोड गये, जहां एलआईसी भवन से सोगरा कॉलेज मोड़ तक बने स्मार्ट सिटी फ्लाईओवर का उद्घाटन किया, जिससे शहरवासियों को जाम से राहत मिलने की उम्मीद है।इसके बाद मुख्यमंत्री कोसुक गांव के समीप पंचाने नदी पर बन रहे रिवर फ्रंट के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने नालंदा जिले में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने पंचाने सिंचाई योजना का पुनर्स्थापन कार्य, ग्राम लारी, मकनपुर प्रखंड-नूरसराय से ग्राम धनौली तक अधियारा नदी का तल की सफाई एवं नया आर०सी०सी० एंटी फ्लड स्लुईस गेट का निर्माण कार्य, सरमेरा प्रखंड अंतर्गत गोपालवाद जमींदारी बांध एवं धनाबॉडी जमींदारी बांध का पुनर्स्थापन कार्य, जल निस्सरण प्रमंडल, एकंगरसराय के अधीन बाढ़ नियंत्रण एवं कटाव निरोधी कार्य, राजगीर स्थित ब्रह्मकुंड परिसर का विकास कार्य, बरगाही आहर-पईन योजना का जीर्णोद्धार कार्य, नूरसराय के संगत के पास हो रहे जलजमाव के निवारण हेतु कार्य, ईको टूरिज्म के दृष्टिकोण से राजगीर क्षेत्र में अवस्थित ऐतिहासिक स्थानों का संरक्षण तथा जयप्रकाश उद्यान तथा वेणुवन पार्क, घोड़ा कटोरा आदि के विकास कार्य, डायनासोर पार्क सहित जिले में अन्य क्रियान्वित योजनाओं तथा प्रगति यात्रा के दौरान घोषित की गई योजनाओं की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी काम तेज गति से पूर्ण करें।इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने बिहारशरीफ नगर निगम अवस्थित दीपनगर स्टेडियम में बने कार्यक्रम स्थल से रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर नालंदा जिले के लिए 316 करोड़ रुपये की लागत से 110 योजनाओं का उद्घाटन एवं 494 करोड़ रुपये की लागत से 106 योजनाओं का शिलान्यास किया।इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों द्वारा जीविकोपार्जन कार्य से जुड़े हुए विभिन्न गतिविधियों एवं उत्पादों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने 17811 जीविका स्वयं सहायता समूह की दीदियों को 393.50 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। वहां उपस्थित जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि आपने महिलाओं की तरक्की के लिए काफी काम किया है। हम सभी जीविका दीदियां सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं से काफी तरक्की कर रही हैं। हमारा परिवार आगे बढ़ रहा है।



झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची के निदेशक दीपक कुमार श्रीवास्तव ने लोक भवन में शिष्टाचार भेंट की।

## कानपुर में रामनवमी पर निकलेंगे 45 जुलूस, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के जनपद कानपुर में रामनवमी पर्व को लेकर सेंट्रल जोन में 45 जुलूस निकाले जाएंगे और सभी के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। यह जुलूस शहर के विभिन्न हिस्सों में 26 और 27 मार्च को निकाले जायेंगे। इस पर्व को देखते हुए पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है और पहले से ही व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना से बचा जा सके। सभी जुलूस मार्गों का आयोजकों और संबंधित विभागों के साथ संयुक्त जायजा लिया जा चुका है, जिससे मार्गों पर आने वाली संभावित बाधाओं को पहले ही दूर किया जा सके। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, प्रमुख धर्मस्थलों के आसपास विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

## सिंहस्थ में श्रद्धालुओं को उपलब्ध होंगी सुविधाएँः डॉ. मोहन यादव



**महापर्व**

**श्रद्धालुओं के स्नान और अन्य सुविधाओं के लिए तैयार किए जा रहेः सीएम**

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि शिप्रा नदी के घाट आगामी सिंहस्थ महापर्व-2028 को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं के स्नान और अन्य सुविधाओं के लिए तैयार किए जा रहे हैं। घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उज्जैन में श्रद्धालुओं को सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बातें गुरुवार को उज्जैन प्रवास के दौरान क्षिप्रा नदी पर निर्माणधीन घाटों के निरीक्षण करने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने श्री अंगारेश्वर और श्री सिद्धवट के मध्य क्षिप्रा नदी पर बन रहे नए घाटों का अवलोकन भी किया। सिंहस्थ महापर्व-2028 को ध्यान में रखते तैयार किए जा रहे इन घाटों पर श्रद्धालुओं के स्नान और अन्य सुविधाओं की व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवनिर्मित घाटों के लगभग 200 मीटर क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए वस्त्र बदलने की व्यवस्था तथा सुविधाजनक स्थानों पर टॉयलेट बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रमुख घाटों पर लगभग 200 मीटर की दूरी पर सुविधा घर विकसित करने के निर्देश भी दिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने घाटों के आसपास श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए लगभग 500 मीटर की दूरी पर सीढ़ियाँ या अन्य पहुँच मार्ग सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए, जिससे मुख्य घाटों तक पहुंचना आसान हो सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री सिद्धवट और श्री अंगारेश्वर मंदिर के बीच निर्माणाधीन पुल का भी निरीक्षण किया।

## श्रीराम जन्मभूमि स्थित सूर्य मन्दिर में हुआ ध्वजारोहण



**विधि-विधान**

**ध्वज दंड पर 9 फिट तीन इंच लंबाई (लहर) वाले ध्वज की चौड़ाई ( लपेट) चार फिट सात इंच है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्या।** नवरात्रि की अष्टमी पर गुरुवार को श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर परिसर में स्थित सूर्य मन्दिर के शिखर पर विधि-विधान पूर्वक ध्वजारोहण किया गया। मन्दिर के प्रवेश द्वार से बाएं परकोटा के नैऋत्य कोण पर स्थित सूर्य मन्दिर के उन्नीस फिट सात इंच ऊंचे ध्वज दंड पर 9 फिट तीन इंच लंबाई (लहर) वाले ध्वज की चौड़ाई ( लपेट) चार फिट सात इंच है। भगवा रंग की ध्वजा पर ऊं अंकित किया गया है। ध्वजारोहण समारोह में दशरथ महल महंत बिन्दुगद्याचार्य स्वामी देवेंद्र प्रसादाचार्य महाराज, रंग महल के महंत राम शरण दास महाराज, श्री राम वल्लभा कुंज अधिकारी संत राजकुमार दास, बावन जी मंदिर महंत वैदेही वल्लभ शरण महाराज ,अशर्फी भवन के जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीधराचार्य महाराज, ट्रस्ट कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि महाराज, सीताकांत सदन के महंत रामानुजशरण ब्रह्मचारी महाराज, ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा, गोपाल नागरकट्टे, एसपी सुरक्षा श्रीराम जन्मभूमि बलरामाचारी दुबे, जगदीश आफले, तीर्थ क्षेत्र भवन सह प्रभारी प्रद्युम्न सिंह सम्मिलित हुए। उल्लेखनीय है कि 25 नवंबर, 2025 को देश के प्रधानमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण कर मंदिर की पूर्णता का संदेश दिया था और रक्षा मंत्री ने 31 दिसंबर, 2025 को प्रतिष्ठा द्वादशी के दिन पर परकोटा में स्थित अन्नपूर्णा मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया था।

## रामनवमीः शहर में धूमधाम से निकली रामजी की सवारी

**झाकियां**

**शोभायात्रा में राष्ट्र गौरव का बोध कराती देशभक्ति से ओतप्रोत महापुरुषों की झाकियां शामिल हुई**



**टीम एक्शन इंडिया**

**जोधपुर।** विश्व हिंदू परिषद महानगर संचालित रामनवमी महोत्सव समिति द्वारा गुरूवार को रामनवमी की शोभायात्रा घंटाघर से भव्य रूप से निकाली गई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दोपहर में जोधपुर पहुंची और भगवान श्रीराम का पूजन किया। उनके साथ केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी थे। शोभायात्रा सिरे बाजार होती हुई जालोरी गेट, गोल बिल्डिंग बी रोड होते हुए सरदारपुरा सत्संग भवन की तरफ निकली। बीच रास्तों में अन्य जगहों से आई शोभायात्राएं भी इसमें शामिल हुई। शोभायात्रा में राष्ट्र गौरव का बोध कराती देशभक्ति से ओतप्रोत महापुरुषों की झाकियां शामिल हुई। जो समाज को राष्ट्रीयता एकता अखंडता का संदेश देती रही। हर भारतीय का गौरव सेना के शौर्य पराक्रम को दशार्ती ऑपरेशन सिंदूर की थीम भी देखने को मिली। इसके साथ ही इस बार भारतीय सेना में मारवाड़ का योगदान, जवानो का बलिदान भी नई पीढ़ी को दिखाया गया।

**झांकियां बनी आकर्षण का केंद्र :** गुरूवार को निकाली गई शोभायात्रा में कश्मीर से कन्या कुमारी तक की हिंदू संस्कृति की झलक इस बार जोधपुर में देखने को मिली। कश्मीर की संस्कृति में ज्ञान कला का अनूठा संगम शैव दर्शन की झलक हुई जिसमें शिव और शक्ति पूजक परंपरा दिखी। महाराष्ट्र के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत तुलजा भवानी अपने गण व वादकों के साथ रहे। उड़ीसा पूरी के जगन्नाथ तमिलनाडु के वेंकटेश्वर, रंगनाथ, रंगास्वामी, मीनाक्षी मंदिर, तिरुपति बालाजी के साथ 12 ज्योतिर्लिंग 4 धाम की विशेष झाकियां समाहित हुई।

## अधिकारी वाराणसी में झूलते तारों को दुरुस्त करायें: एके शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास और ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने वाराणसी में सर्किट हाऊस में नगर निगम और ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को बैठकें कर आवश्यक निर्देश दिया। मंत्री एके शर्मा ने वाराणसी शहर को पर्यटक दृष्टि से देखने के लिए कहते हुए कहा कि गर्मियों की शुरूआत हो रही है, इसके लिए पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम अभी से शहर में झूलते तारों को दुरुस्त कराये और अंडरग्राउंड केबल सुरक्षित ट्रांसफार्मर पर काम करें।

चल रहे अनुरक्षण कार्य एवं गर्मी में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए कार्य करें।

## जनता की समस्या का समाधान कराएं अधिकारीः योगी

**जनता दर्शन**

**गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं**



**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की हर समस्या का त्वरित समाधान कराएं। इसमें कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। जनता दर्शन में पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा, चिंता मत करिए। सरकार आपकी हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी। गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी करीब 200 लोगों से मिले। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लगी कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। इत्मीनान से बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए। पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अलग-अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिपरक होना चाहिए। अपराध व जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यदि कोई दबंग किसी की जमीन जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए।

## सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण दून-पिथौरागढ़ विमान सेवा शुरू

**कनेक्टिविटी**

**मुख्यमंत्री ने कहा कि नई सेवा से पिथौरागढ़ की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट से देहरादून-पिथौरागढ़-देहरादून विमान सेवा का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि रामनवमी के शुभअवसर पर शुरू हुई इस सेवा से पिथौरागढ़ और देहरादून के बीच यात्रा समय घटकर लगभग एक घंटा रह जाएगा। उन्होंने इसे सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले हवाई यात्रा को केवल सम्पन्न वर्ग तक सीमित माना जाता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2016 में शुरू की गई उड़ान योजना के माध्यम से आम नागरिकों के लिए हवाई यात्रा सुलभ हुई है। योजना के तहत छोटे शहरों और दूरस्थ क्षेत्रों को हवाई नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में केंद्र सरकार ने उड़ान योजना 2.0 को मंजूरी दी है, जिसके तहत अगले 10 वर्षों में लगभग 29 हजार करोड़ रुपये के निवेश से 100 नए हवाई अड्डों और 200 हेलीपैड के विकास का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसका उद्देश्य टियर-2 और टियर-3 शहरों में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य में हवाई सेवाएं केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि जीवन रेखा बन चुकी हैं। दुर्गम क्षेत्रों में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति और गंभीर मरीजों को त्वरित उपचार के लिए बड़े अस्पतालों तक पहुंचाने में इनकी अहम भूमिका है। मुख्यमंत्री के अनुसार, वर्तमान में उड़ान योजना के तहत राज्य में 26 हवाई मार्ग संचालित हो रहे हैं। वर्ष 2023 में शुरू की गई ‟उत्तराखंड एयर कनेक्टिविटी योजना‟ के अंतर्गत 6 हवाई मार्गों पर नियमित उड़ानें संचालित की जा रही हैं। बीते चार वर्षों में राज्य में हेलिपोर्ट की संख्या 2 से बढ़कर 12 और हेलीपैड की संख्या 60 से बढ़कर 118 हो गई है। राज्य को बेस्ट स्टेट फॉर प्रमोशन ऑफ एविएशन इकोसिस्टम का राष्ट्रीय सम्मान भी मिल चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नई सेवा से पिथौरागढ़ की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और सीमांत क्षेत्रों का विकास तेज होगा। इस सेवा का संचालन एलाइंस एयर की ओर से 42 सीटर विमान से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिथौरागढ़ हवाई अड्डे के विकास पर लगभग 450 करोड़ रुपये व्यय किए जा रहे हैं। साथ ही नैनी सैनी हवाई अड्डे के अधिग्रहण के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और राज्य सरकार के बीच समझौता भी किया गया है। कार्यक्रम में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने वीडियो संदेश के माध्यम से शुभकामनाएं दीं और राज्य में हवाई सुविधाओं के विस्तार का आश्वासन दिया। समारोह में कैबिनेट मंत्री खजान दास, भरत चौधरी, विधायक बृजभूषण गैरोला, पूर्व विधायक चंद्रा पंत, दायित्वधारी हेमराज बिष्ट, एलाइंस एयर के सीएमडी अमित कुमार, उकाडा के सीईओ डॉ. आशीष चौहान, एसीईओ संजय टोलिया मौजूद थे।

## गौरव गोगोई के कथित पाकिस्तान लिंक पर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा का तीखा हमला

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने कांग्रेस नेता गौरव गोगोई के कथित पाकिस्तान संबंधों को लेकर तीखी टिप्पणी की, जिससे राज्य की राजनीति में नया विवाद खड़ा हो गया है। मुख्यमंत्री ने बीती रात इस मुद्दे पर बोलते हुए चुनावी शपथपत्र में जानकारी छुपाने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि गोगोई की पत्नी के पाकिस्तान स्थित बैंक खाते का उल्लेख शपथपत्र में नहीं किया गया, जो एक गंभीर मामला है और इस पर स्पष्टीकरण दिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि असम में कांग्रेस की सरकार नहीं बनेगी, बल्कि पाकिस्तान में बन सकती है,



जिससे सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी कांग्रेस के बीच बयानबाजी और तेज हो गई है। हालांकि, कांग्रेस की ओर से अब तक इन आरोपों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

facebook.com/actionindialive twitter.com/actionindianews youtube.com/actionindiatv
# हिमाचल न्यूज
एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com
ऊना,
27 मार्च 2026

# राज्यपाल ने जालंधर के देवी तालाब मंदिर में राम नवमी शोभा यात्रा में भाग लिया

रामनवमी

» यह पर्व भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं को संरक्षित रखता है




**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** पंजाब के एक दिवसीय दौरे के दौरान राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने आज प्रसिद्ध शक्ति पीठ देवी तालाब मंदिर में आयोजित धार्मिक राम नवमी शोभा यात्रा में भाग लिया। इस अवसर पर राज्यपाल ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

उन्होंने ऐसे धार्मिक आयोजनों के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व की सराहना करते हुए कहा कि राम नवमी जैसे त्योहार सामाजिक सौहार्द की भावना को मजबूत करते हैं और नई ऊर्जा का संचार करते है। यह पर्व भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं को संरक्षित रखता है।

भगवान राम की शिक्षाएं आज भी लोगों को धर्म, सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं। गुप्ता ने शोभा यात्रा को अनुशासित और भक्तिमय तरीके से आयोजित करने के लिए आयोजकों और श्रद्धालुओं के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से एकता, भक्ति और समाज के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। राज्यपाल ने श्रद्धालुओं से बातचीत भी की और इस पावन अवसर पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, देवी तालाब मंदिर समिति के अध्यक्ष शीतल बिज, स्थानीय गणमान्य व्यक्ति, मंदिर प्रशासन और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## चंबा में 29 मार्च को बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित, मरम्मत कार्य के चलते शटडाउन

**हामिद खान**
**चंबा।** विद्युत उपमंडल चंबा-1 के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में 29 मार्च 2026 (रविवार) को बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। यह शटडाउन 33 केवी चंबा लाइन की मरम्मत एवं रख-रखाव कार्य के चलते किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 33/11 केवी सब स्टेशन के तहत आने वाले सभी 11 केवी फीडरों से जुड़े क्षेत्रों में सुबह 9:00 बजे से शाम 3:00 बजे तक या कार्य पूर्ण होने तक बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

सहायक अभियंता ई. तेजू राम ने बताया कि, लाइन की मरम्मत और रख-रखाव कार्य को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए यह शटडाउन आवश्यक है।

# मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के साथ मनाया 62वां जन्मदिवस

हरित

» चिनार का पौधा रोपित कर हरित पहल को दिया बढ़ावा



**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू का 62वां जन्मदिवस आज यहां हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। समाज के विभिन्न वर्गों और क्षेत्रों से आए लोगों, नेताओं, पार्टी कार्यकर्ताओं, अधिकारियों व कर्मचारियों ने सरकारी आवास 'ओक ओवर' पहुंचकर उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने मुख्यमंत्री की दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की।

मुख्यमंत्री ने चिनार का पौधा भी रोपित किया। उनकी धर्मपत्नी और देहरा से विधायक कमलेश ठाकुर सहित परिवार के अन्य सदस्य भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने आज सुबह हिमाचल प्रदेश सचिवालय के कर्मचारियों द्वारा आयोजित एक मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह मैराथन सचिवालय से शुरू होकर मालरोड़ स्थित चर्च के समीप संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट जन कल्याण पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश और प्रदेशवासियों की समृद्धि की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि राज्य का सर्वांगीण विकास और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए आगामी वर्षों में और बेहतर निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार सेवा परमो धर्मः के भाव से कार्य कर रही है ताकि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के हर व्यक्ति तक पहुंच सके।

## जन्मदिवस पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को शिमला में जीवन ठाकुर ने दी बधाई

**संगराय**
**जोगिन्द्रनगर।** हिमाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर जोगिंद्रनगर के समाजसेवी एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जीवन ठाकुर ने अपनी टीम के साथ झूला पहुंचकर मुख्यमंत्री को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जीवन ठाकुर ने मुख्यमंत्री को जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों से भी अवगत करवाया।

उन्होंने क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित प्रगति की जानकारी साझा करते हुए भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की।

जीवन ठाकुर ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दे रही है।

# बिलासपुर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए साइबर जागरूकता सत्र आयोजित

**कश्मीर ठाकुर**
**बिलासपुर।** बिलासपुर के मुख्य बाजार स्थित गुरुद्वारा के समीप वरिष्ठ नागरिक सभागार में वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण साइबर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष जागरूकता अभियान के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य बदलते डिजिटल परिवेश में बुजुर्गों को साइबर अपराधों के प्रति सचेत करना है।



जिला पुलिस प्रमुख आईपीएस एसपी संदीप धवल के नेतृत्व में यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज के समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं और विशेषकर वरिष्ठ नागरिक अक्सर ठगों का आसान निशाना बनते हैं। ऐसे में उनके बीच साइबर सुरक्षा से जुड़ी जानकारी साझा करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे किसी भी प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी से बच सकें। कार्यक्रम में साइबर क्राइम अधिकारी एएसआई अश्वनी कुमार ने बतौर रिसोर्स पर्सन भाग लेते हुए उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों को विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड जैसे ओटीपी ठगी, फर्जी कॉल, बैंकिंग धोखाधड़ी और लिंक स्कैम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सरल भाषा में समझाते हुए कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपनी व्यक्तिगत या बैंकिंग जानकारी साझा न करें और संदिग्ध कॉल या मैसेज से सतर्क रहें।

इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम उन्हें डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए जागरूक और आत्मविश्वासी बनाते हैं।

## 26वीं अखिल भारतीय पुलिस शूटिंग कॉम्पिटीशन में विजय कुमार ने जीता पदक

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** ऑल इंडिया पुलिस डयूटी मीट शूटिंग कॉम्पिटीशन (एआईपीडीएम) 2025-2026 में हिमाचल प्रदेश पुलिस के उप-पुलिस अधीक्षक विजय कुमार ने व्यक्तिगत श्रेणी में कांस्य पदक हासिल कर राज्य और पुलिस विभाग के लिए सम्मान अर्जित किया है।

इस प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 30 मार्च 2026 तक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के ग्रुप सेंटर, गुरुग्राम में किया जा रहा है, जिसमें देशभर की विभिन्न पुलिस बलों के निशानेबाज भाग ले रहे हैं।

इस प्रतियोगिता में विजय कुमार ने पिस्टल/रिवॉल्वर इवेंट-50 यार्ड प्रोन (एसएनएपी), बिना सहारे (अनर्सपोटिड ऑन एल्बो विद् डबल हेंड ग्रिप श्रेणी) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह पदक हासिल किया। उन्होंने विभिन्न राज्य और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के शीर्ष प्रतिस्पर्धियों को पीछे छोड़ते हुए बेहतरीन निशानेबाजी और निरंतरता का प्रदर्शन किया।

इससे पहले, पिछले माह भी विजय कुमार ने इंदौर में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस शूटिंग (स्पोर्ट्स) प्रतियोगिता में दो व्यक्तिगत कांस्य पदक जीते थे। उनकी इस उपलब्धि से राष्ट्रीय पुलिस शूटिंग प्रतियोगिताओं में उनका रिकॉर्ड और अधिक बेहतर हुआ है।

विजय कुमार प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय पिस्टल निशानेबाज हैं। उन्होंने राष्ट्रमंडल, एशियाई और ओलंपिक जैसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का सफलतापूर्वक प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने पिस्टल शूटिंग में ओलंपिक पदक भी जीता है।

## संक्षिप्त खबरें

### श्री नयना देवी मंदिर में विशिष्ट दानकर्ता सम्मान योजना शुरू, उपायुक्त राहुल कुमार ने किया शुभारंभ



**कश्मीर ठाकुर**
**बिलासपुर।** मंदिर न्यास नयना देवी जी ने मंदिर के विकास, संचालन और धर्मार्थ गतिविधियों में सहयोग देने वाले दानकर्ताओं को सम्मानित करने के उद्देश्य से विशिष्ट दानकर्ता सम्मान योजना की शुरुआत की है। इस योजना का शुभारंभ उपायुक्त राहुल कुमार ने विधिवत किया।

इससे पहले उपायुक्त ने नयना देवी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर, एसडीएम धर्म पाल तथा टेम्पल ऑफिसर भी उपस्थित रहे। उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि यह योजना मंदिर के समग्र विकास और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में अहम पहल है। उन्होंने दानकर्ताओं से इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। योजना के तहत दानकर्ताओं को उनके योगदान के आधार पर तीन श्रेणियों ए में 15 लाख रुपए से अधिक, बी में 10 से 15 लाख रुपए और सी में 5 से 10 लाख रुपए में रखा जाएगा। दान नकद के साथ-साथ निर्माण कार्यों के रूप में भी स्वीकार किए जाएंगे।

### विक्रमादित्य सिंह का विकास का दावा खोखला, केंद्र की योजनाओं का श्रेय लेने की होड़ : रणधीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** भाजपा नेता एवं विधायक रणधीर शर्मा ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के हालिया बयानों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के मंत्री केवल श्रेय लेने की राजनीति कर रहे हैं, जबकि जमीनी स्तर पर विकास कार्यों की स्थिति बेहद कमजोर है।

रणधीर शर्मा ने कहा कि विक्रमादित्य सिंह द्वारा यह दावा करना कि प्रदेश में सड़क और अन्य विकास कार्य उनके प्रयासों से हुए हैं, पूरी तरह भ्रामक है। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं का जिक्र किया जा रहा है, वे अधिकांशतः केंद्र सरकार द्वारा वित्तपोषित हैं, जैसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, केंद्रीय सड़क निधि और अन्य केंद्रीय अनुदान।

उन्होंने सवाल उठाया कि यदि मंत्री महोदय के प्रयासों से ही योजनाओं के लिए धन आ रहा है, तो फिर आरडीजी के मुद्दे पर वही प्रयास क्यों नहीं किए गए? उन्होंने कहा कि यह दोहरा मापदंड दर्शाता है कि सरकार केवल अपने राजनीतिक लाभ के लिए तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है।

रणधीर शर्मा ने कहा कि मंत्री के भाषण में तथ्यों से अधिक राजनीतिक आरोप और आत्मप्रशंसा थी। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट हो चुका है कि कांग्रेस सरकार के पास न तो स्पष्ट नीति है और न ही विकास का कोई ठोस विजन।

## अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, वर्ष में दो बार नियमितीकरण घोषणा पर जताया आभार




**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** आज हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल ने माननीय मुख्यमंत्री श्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर महासंघ ने प्रदेश बजट में वर्ष में दो बार (मार्च एवं सितंबर) कर्मचारियों के नियमितीकरण की बजट में घोषणा के लिए मुख्यमंत्री का हार्दिक आभार व्यक्त किया। महासंघ ने इसे कर्मचारी हित में एक दूरदर्शी, न्यायसंगत एवं सराहनीय निर्णय बताते हुए कहा कि इससे हजारों कर्मचारियों को स्थायित्व, सुरक्षा एवं मनोबल में वृद्धि होगी।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के समक्ष पूर्व में सौंपे गए ज्ञापन के विभिन्न बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की। इसमें संविदा एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने, वर्ष 2024 एवं 2025 में पात्र होने वाले कर्मचारियों को भी इस व्यवस्था में शामिल करने के लिए धन्यवाद किया तथा उनके समक्ष लंबित मांगे जैसे रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरना, वेतन आयोग के लंबित वेतन बकाया एवं महंगाई भत्ते (डीए) की शीघ्र अदायगी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। महासंघ ने आशा व्यक्त की कि इन मांगों पर भी शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर कर्मचारियों को राहत प्रदान की जाए।

## बनदेवी मंदिर लोहजंग में नवरात्रों का समापन, 27 मार्च को दोपहर से होगा वार्षिक भंडारा

**विजय समयाल**
**कांगड़ा।** जिला कांगड़ा के फतेहपुर क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ बनदेवी मंदिर लोहजंग में नवरात्रों का पावन पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हो गया। अंतिम नवरात्रे पर सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जहां भक्तों ने माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

मंदिर परिसर में दिनभर धार्मिक माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर मां भगवती का आशीर्वाद लिया। मंदिर कमेटी के प्रधान सेबा सिंह व सदस्य सुंदर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर में प्रत्येक माह संक्रांति के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस बार वार्षिक भंडारा कल 27 मार्च (शुक्रवार) को आयोजित किया जाएगा, जो दोपहर से शुरू होगा।

# वायु सेना के एयर शो के दूसरे दिन भी उमड़े हजारों लोग

**टीम एक्शन इंडिया**
**हमीरपुर।** भारतीय वायु सेना की विश्व प्रसिद्ध सूर्य किरण एरोबेटिक टीम द्वारा सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा के मैदान के ऊपर किए गए एयर शो के दूसरे दिन वीरवार को भी वायु सेना के जांबाजों के करतबों को देखने के लिए हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी। शो के दूसरे दिन भी स्थानीय विधायक कैप्टन रणजीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



रामनवमी की छुट्टी के कारण सुजानपुर, हमीरपुर और इसके आस-पास के क्षेत्रों के अलावा कांगड़ा जिले के जयसिंहपुर, धीरा और पालमपुर तथा मंडी जिले के संधोल क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में लोग एयर शो देखने के लिए सुबह से ही सुजानपुर के मैदान में पहुंचने शुरू हो गए थे।

लगभग 10.55 बजे जब सूर्य किरण एरोबेटिक टीम के 9 हॉक एमके-132 जेट विमानों ने एक साथ दनदनाते हुए सुजानपुर के आसमान में प्रवेश किया तो मैदान में उमड़े हजारों लोगों ने तालियों के साथ वायु सेना के जांबाज अधिकारियों एवं पायलटों का स्वागत किया।

हल्की धूप के साथ छाये हल्के बादलों को चीरते हुए इन विमानों ने सुजानपुर के ऊपर से गुजरते हुए सामने धौलाधार की धवल पहाड़ियों की ओर उड़ान भरी तो हजारों लोगों ने एक अदभुत रोमांच का अनुभव किया और लगभग 25 मिनट के इस शो के दौरान सभी लोग एकटक आसमान पर नजरें गड़ाते हुए भारतीय वायु सेना के इन जांबाजों के एक से बढ़कर एक करतब देखते रहे।

इन विमानों ने कई फॉर्मेशन्स बनाकर रोमांच, गति, नियंत्रण और आपसी समन्वय की एक शानदार झलक पेश की। सबसे पहले इन्होंने भारतीय वायु सेना के हल्के स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस के आकार की फॉर्मेशन बनाई। इसके बाद विश्व के बेहतरीन लड़ाकू विमानों में शुमार सुखोई के आकार की फॉर्मेशन में उड़ान भरी।

इसके बाद डायमंड, डीएनए, हृदय और अन्य आकृतियां बनाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## टकारला में किसानों को अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**राजन पुरी**
**ऊना।** उपमंडल अंब के तहत ग्राम पंचायत टकारला में प्रदेश के भारतीय किसान संघ द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री हरि राम विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में क्षेत्र के किसानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कृषि से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक को संबोधित करते हुए हरि राम ने कहा कि आज के समय में किसानों को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में संगठित होकर ही इन समस्याओं का समाधान संभव है। उन्होंने किसानों को गौ आधारित प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया और रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों से बचने की सलाह दी। उन्होंने नशा मुक्त समाज की आवश्यकता पर जोर देते हुए किसानों को नशे से दूर रहकर अपने परिवार और समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनने की अपील की। इस अवसर पर किसान समिति का भी गठन किया गया। इसमें संदीप शर्मा को अध्यक्ष, जोगिंदर सिंह को सचिव तथा राजीव शर्मा को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

## मुख्यमंत्री सुक्खू के जन्मदिवस यूथ कांग्रेस द्वारा बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया : डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**हमीरपुर।** माननीय मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के 62वें जन्मदिवस के अवसर पर हिमाचल विधानसभा कांग्रेस एवं यूथ कांग्रेस द्वारा इसे बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा द्वारा वरिष्ठ कांग्रेसजनों के साथ हवन-यज्ञ से की गई, जिसमें मुख्यमंत्री जी की दीर्घायु एवं मंगलमय स्वास्थ्य की कामना हेतु विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यज्ञ में आहुति डालकर शुभकामनाएं प्रकट कीं। इसके पश्चात सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा केक काटकर मुख्यमंत्री का जन्मदिवस मनाया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में नशे के विरुद्ध युद्ध चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान का शुभारंभ पोस्टर लॉन्च के माध्यम से किया गया।

डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि नशे के खिलाफ शुरू की गई इस मुहिम को युवाओं तक पहुंचाने के लिए खेलों का सहारा लिया जा रहा है, ताकि प्रदेश के युवा नशे से दूर रहकर एक स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण कर सकें।

उन्होंने सभी से आह्वान किया कि मिलकर चिट्टा रूपी राक्षस का अंत करें और मुख्यमंत्री जी के चिट्टा मुक्त हिमाचल के सपने को साकार करें। इस कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता रतन चंद डोगरा, कैप्टन बलदेव शर्मा, पुरुषोत्तम कालिया डॉक्टर हर्ष कालिया सुनील कौशल किशोर चंद पवन कुमार गिरधारी लाल बांकाराम कैप्टन विक्रम सिंह, वरिष्ठ नेता तेजनाथ, तेज मेहर चंद, यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष दिवस ठाकुर, उपाध्यक्ष रजत राणा, महासचिव रोहित प्रधान, नीलम शर्मा, अजय शर्मा, कांग्रेस सेवा दल के कार्यकारी अध्यक्ष हेमराज भारद्वाज, हेमराज नॉट सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## संतोषगढ़ में मारपीट व तोड़फोड़, तीन के खिलाफ केस दर्ज

**राजन पुरी**
**ऊना।** संतोषगढ़ में मारपीट व तोड़फोड़, तीन के खिलाफ केस दर्ज ऊना 26 मार्च (राजन पुरी) सदर थाना ऊना के तहत संतोषगढ़ में एक कार को तोड़ने के साथ-साथ कार मालिक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है।

पुलिस ने मामले में शिकायत के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में आशीष चंदन निवासी संतोषगढ़ ने बताया कि बीती 14 मार्च की रात उसे गांव के एक व्यक्ति का फोन आया, जिसमें बताया गया कि ध्रुव, विवेक कुमार और शिव कुमार शिव मंदिर के पास खड़ी गाड़ी को तोड़ रहे हैं। सूचना मिलते ही जब आशीष अपनी माता के साथ घर के बाहर पहुंचा, तो गेट के बाहर खड़े उक्त तीनों आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया और दोनों के साथ मारपीट की।

# एसजेवीएन ने रामपुर एचपीएस में 25वें आंतर-सीपीएसयू कबड्डी टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक आयोजन किया

**लिहान्टू**
**रामपुर बुशहर।** एसजेवीएन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, भूपेंद्र गुप्ता ने एसजेवीएन द्वारा आयोजित 25वें आंतर-सीपीएसयू कबड्डी टूर्नामेंट की विजेता टीम बीबीएमबी को हार्दिक बधाई दी। गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कर्मचारियों के मध्य टीम वर्क, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को सुदृढ़ करने में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। अजय कुमार शर्मा, निदेशक (कार्मिक), एसजेवीएन ने मुख्य अतिथि के रूप में टूर्नामेंट के समापन समारोह की शोभा बढ़ाई। शर्मा ने टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी, और साथ ही विजेताओं तथा सभी प्रतिभागी टीमों को भी बधाई दी।




शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि एसजेवीएन सदैव खेलों को बढ़ावा देने तथा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। एसजेवीएन का दृढ़ विश्वास है कि खेल न केवल कर्मचारियों के शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करते हैं, अपितु उनके मानसिक स्वास्थ्य एवं नेतृत्व क्षमताओं को भी बेहतर बनाते हैं, जो किसी भी संगठन की सफलता के लिए अतिआवश्यक हैं। इस प्रकार के आयोजन भारत सरकार की खेलो इंडिया और फिट इंडिया मूवमेंट जैसी पहलों को सहयोग देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

अजय कुमार शर्मा ने विजेता तथा उप-विजेता टीमों को ट्रॉफियां, पदक और प्रमाण-पत्र प्रदान किए। फाइनल मैच एसजेवीएन और बीबीएमबी के मध्य खेला गया, जिसमें बीबीएमबी टूर्नामेंट का विजेता बना। एसजेवीएन ने प्रथम उप-विजेता का स्थान हासिल किया, जबकि टूर्नामेंट का द्वितीय उप-विजेता पीजीसीआईएल बना। बीबीएमबी से आकाश को प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट घोषित किया गया, एसजेवीएन से विक्रम शर्मा को सर्वश्रेष्ठ रेडर का पुरस्कार प्रदान किया गया और बीबीएमबी से सुरेंदर सिंह को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का पुरस्कार दिया गया। इन्हें मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।